www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 313 । नर्मदापुरम, मंगलवार 18 फरवरी 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

तवा से रेत का उत्खनन अवैध बताकर आदिवासियों ने रोका डंपरों का रास्ता — पृष्ठ 2

- झूठ के कुंभ में अनास्था की डुबकी
- नया टैक्स बिल 2025 : पारदर्शिता या डिजिटल निगरानी? — पृष्ठ 4

- पेड़-चट्टानों पर बैठे मिले गिद्ध, साल भर में संख्या हो गई दोगुना — पृष्ठ 6

पुलिस खेलों में भी अर्जित कर रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री रायसेन से करेंगे शुभारंभ

### शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण की होगी शुरूआत

**रायसेन, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 फरवरी को रायसेन में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी, प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पवार, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, केन्द्रीय सचिव भूमि संसाधन मनोज जोशी, संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे। नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी।




### ऋषि सुनक ने विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सुनक वर्तमान में अपने परिवार के साथ भारत के दौरे पर हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज दिल्ली में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर अच्छा लगा। भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं। सुनक 2022 से 2024 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। अपनी भारतीय जड़ों पर हमेशा गर्व करने वाले सुनक ने आर्थिक, सुरक्षा और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने की वकालत की।

### महाकुंभ में फिर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**महाकुंभ नगर, एजेंसी।** महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यात्रियों को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन बंद करने का फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद रहेगा। प्रयागराज में कुल नौ रेलवे स्टेशन हैं। जिनमें से संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के करीब स्थित है।

### कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से किया किनारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने विदेश में काम करने वाले अपने संगठन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के उस बयान से किनारा कर दिया है जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि चीन से भारत को कोई खतरा नहीं है इसलिए भारत को उसे दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां एक बयान में कहा श्री सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से कांग्रेस के विचार नहीं हैं। उन्होंने कहा चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### यात्रियों की भीड़ प्रबंधन के लिए मैनुअल तैयार करेगी रेलवे

**नई, दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देश के करीब 60 स्टेशनों में होल्डिंग एरिया बनाने और एक समग्र मैनुअल तैयार करने की बात कही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना को देखते हुए तय किया गया है कि देश के करीब 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये जाएंगे।

रिक्टर पैमाने पर 4 मापी गई तीव्रता

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। भूकंप के कारण धौला कुआं में स्थित झील पार्क में 20 से 25 साल पुराना पेड़ गिर गया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### बिहार और बांग्लादेश में भी धरती कांपी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के बाद बिहार में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। बिहार में भी आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई, जबकि इसका केंद्र सीवान जिले में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस ने पुष्टि की कि इस भूकंप का अक्षांश 25.93 और देशांतर 84.42 दर्ज किया गया। बिहार के अलावा, सोमवार सुबह 8:54 बजे बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई, जबकि इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस के अनुसार, बांग्लादेश में आए भूकंप का अक्षांश 24.86 और देशांतर 91.94 दर्ज किया गया।

भोपाल वैश्विक औद्योगिक समिट

# प्रवासी मप्र समिट का पहली बार होगा आयोजन



- 15 से ज़्यादा देशों से 5 सौ प्रतिनिधि होंगे शामिल
- यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान से बड़े प्रतिनिधि मंडल आयेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में पहली बार आयोजित होने जा रहे इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-वैश्विक औद्योगिक समिट-2025 में पहली बार प्रवासी मध्यप्रदेश समिट का भव्य आयोजन 24-25 फरवरी को किया जाएगा। 24 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट का उद्घाटन करेंगे। इस वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश के प्रवासी उद्योगपतियों और निवेशकों की विशेष भागीदारी होगी। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रवासियों फ्रेंडस् ऑफ एमपी समूह के सदस्य शामिल होंगे। इस में 15 से अधिक देशों से मध्यप्रदेश के 500 से अधिक प्रवासी भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान जैसे देशों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रमुख संबोधन होगा, जिसमें वे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के विकास में योगदान देने और निवेश के नए अवसरों का लाभ उठाने का आहवान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को मध्यप्रदेश में निवेश और व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. जगत शाह संस्थापक मेंटर ऑन रोड द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उद्यमिता को बढावा देने पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय संदीप यादव प्रवासी भारतीय सम्मेलन की भूमिका और महत्व को रेखांकित करेंगे।

कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे। इनमें सुश्री लीना वैद्य, चेयर पर्सन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी, अबूधाबी चैप्टर, प्रमित मकोड़े चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी बॉस्टन चैप्टर, रोहित दीक्षित चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी यूके चैप्टर, सुश्री प्रेरणा भारद्वाज मेयर, जेराल्ड क्रॉस लंदन यूके और लार्ड रेमी रेंजर, हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स (यूके) जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय इस आयोजन में अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाया जाएगा। प्रवासी मध्यप्रदेश समिट-2025 न केवल प्रदेश में निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन मध्यप्रदेश को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने में सहायक होगा।

## भोपाल समिट के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शीर्ष समिति गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के आयोजन की तैयारियों, आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने, विभिन्न विभागों के समन्वय स्थापित करने एवं समिट के व्यवस्थित आयोजन के लिये शीर्ष समिति का गठन किया गया है।

समिति में उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल, लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं प्रभारी मंत्री जिला भोपाल चेतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा, विधायक बैरसिया विष्णु खत्री, विधायक भोपाल भगवान दास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष भोपाल श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, नगर निगम अध्यक्ष भोपाल किशन सूर्यवंशी सदस्य नामांकित किये गये हैं।

मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, जनसम्पर्क तथा आयुक्त जनसम्पर्क तथा प्रबंध संचालक माध्यम (अ.प्र.) सुदाम खाड़े और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम तथा आयुक्त विमानन चन्द्रमौली शुक्ला भी सदस्य नामांकित किए गए हैं।

पूजा स्थल कानून को चुनौती देने वाली

# नई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

#### सीजेआई ने कहा, 'याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है

**नई, दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित एक मामले में कई नई याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह भी संकेत दिया कि वह दिन के दौरान लंबित अनुसूचित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकती है, जिनकी सुनवाई पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ कर चुकी है, क्योंकि यह दो न्यायाधीशों की पीठ में बैठी है।

सीजेआई ने कहा, 'याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। इतने सारे आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किए गए हैं। हम शायद इस पर सुनवाई न कर पाएं।' उन्होंने कहा कि मार्च में तारीख दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने 12 दिसंबर, 2024 के अपने आदेश के माध्यम से विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी रूप से रोक दिया, जिसमें वाराणसी में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद सहित 10 मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण की मांग की गई थी, जहां झड़पों में चार लोग मारे गए थे। इसके बाद इसने सभी याचिकाओं को 17 फरवरी को प्रभावी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था।




क्या है पूजा स्थल कानून 1991-साल 1991 में देश में पूजा स्थल कानून (प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट) लागू किया गया था। इस कानून के तहत 15 अगस्त 1947 से पहले मौजूद किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यदि कोई इस कानून का उल्लंघन करने का प्रयास करता है तो उसे जुर्माना और तीन साल तक की जेल भी हो सकती है। यह कानून तत्कालीन कांग्रेस प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की सरकार में लागू किया गया था।

### जल्द सुनवाई न होना मौलिक अधिकारों का हनन

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चाहे जितना भी गंभीर अपराध हो, जल्द सुनवाई आरोपी का मौलिक अधिकार है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 में शामिल है। यूएपीए कानून की धाराओं में जेल में बंद आरोपी को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की। आरोपी बीते पांच वर्षों से पुलिस हिरासत में था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की सदस्यता वाली पीठ ने आरोपी को जमानत दी, जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी साल 2020 से पुलिस में हिरासत में था। अभियोजन पक्ष को 100 गवाहों से पूछताछ करनी थी, जिनमें से 42 से पूछताछ हो चुकी है। 42 ने पूछताछ में लगभग एक ही बात बोली है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे 100 लोगों से पूछताछ पर सवाल उठाए और कहा कि सभी से एक ही बात जानने का कोई मतलब नहीं है।

उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत

### आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 साल की छूट



**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यएस) के अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने इस वर्ग के विद्यार्थियों को यूपीएससी और सीएसई परीक्षा 2024 की परीक्षा के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट प्रदान की है। वहीं इन अभ्यर्थियों को अब यूपीएसएसी परीक्षा के लिए 9 अवसर मिलेंगे।

यूपीएससी व सीएसई 2025 के आवेदन की योग्यता और आयु सीमा को लेकर दायर याचिका में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में पैरवी की थी। वीडियो कांफ्रेस के जरिए न्यायालय के सामने अपना पक्ष रखते हुए श्री सिब्बल ने विगत 10 फरवरी 2025 को दिए आदेश का हवाला दिया।

उच्च न्यायालय ने लोक सेवा आयोग को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता सहित समान स्थिति वाले सभी उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किए जाएं, भले ही वे मौजूदा योग्यता या उम्र की शर्तों को पूरा न कर रहे हों। खासतौर पर ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट का वैसा ही लाभ मिलेगा, जैसा कि अन्य आरक्षित वर्गों को हासिल है। इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अंतिम नियुक्ति आदेश बिना न्यायालय की अनुमति के जारी नहीं किए जा सकेंगे।

### दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक कल, 20 को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**नई, दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें विधायक दल के नेता की घोषणा होगी।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी ष्टरूशामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत और राजनयिक भी आएंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के 12 से 16 हजार लोगों को भी बुलाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है। इधर, आम आदमी पार्टी(आप) की वरिष्ठ नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को भाजपा पर तीखा हमला बोला है और कहा कि भाजपा की 'विपदा' सरकार में अंदरूनी कलह के कारण दस दिन बाद भी दिल्ली को मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया है। सुश्री आतिशी ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज दिल्ली चुनाव के नतीजे आए ■ शेष पृष्ठ 8 पर


मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल आज खत्म हो रहा

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर मंथन

#### प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक, अमित शाह व राहुल गांधी हुए शामिल

**नई, दिल्ली, एजेंसी।** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए हैं। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है। वहीं उम्मीद की जा रही है कि सीईसी राजीव कुमार के बाद सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जा सकता है।

अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून

लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्ट लिस्ट किया था, ताकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति उन पर विचार कर सके। पीएम, लोकसभा में नेता विपक्ष और पीएम की तरफ से नामित एक कैबिनेट मंत्री एक नाम को मंजूरी देते हैं। इसके बाद राष्ट्रपति नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगी।

#### सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई

वहीं इसे लेकर कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसे कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन ने संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, आज चीफ इलेक्शन कमिश्नर के चुनाव से जुड़ी बैठक हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को इस विषय में सुनवाई होगी और फैसला सुनाया जाएगा कि कमेटी का संविधान किस तरीके का होना चाहिए। ऐसे में आज की बैठक को स्थगित करना चाहिए था। कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव आयोग पर नियंत्रण चाहती है, न कि उसकी विश्वसनीयता को बनाए रखना चाहती है। इस दौरान कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए 2023 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

#### ज्ञानेश कुमार को बनाया जा सकता है मुख्य चुनाव आयुक्त

#### भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रेरणा का विषय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने राजधानी में आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा, भारत की लोकतांत्रिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### खनिज व पुलिस विभाग की टीम बनाकर अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्रवाई करें: कलेक्टर

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम को आयोजित कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खनिज के अवैध परिवहन, भण्डारण व उत्खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्रवाई जारी रहे तथा लगातार प्रकरण बनाये जायें। उन्होने निर्देशित किया कि खनिज व पुलिस विभाग का संयुक्त दल बनाकर अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नियमित रूप से सैम्पल लेकर जांच के लिये भेजा जाए तथा अमानक एवं अपमिश्रित खाद्य पदार्थ पाये जाने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होने निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित पक्ष को राहत राशि नियमानुसार दिलाई जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में अभी तक अनुसूचित जाति अत्याचार के 12 प्रकरणों में 11.50 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति अत्याचार के 2 प्रकरणों में 4.87 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। इस तरह कुल 14 प्रकरणों में 16.37 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियो का नियमित निरीक्षण किया जाए, तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोषी एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, वन मण्डल अधिकारी अनिल चौपड़ा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया एवं संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

**पंचकोशी यात्रा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें** – आगामी दिनों में आयोजित होने वाली पंचकोशी यात्रा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान कोई परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, यात्रा मार्ग में साफ सफाई तथा तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में नदी किनारे घाटों पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की जाए तथा यात्रा मार्ग में नर्मदा नदी के घाटों पर पर्याप्त संख्या में नगर सैनिक, गोताखोर एवं तैराक तैनात किए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौक से वन मंडल अधिकारी अनिल चोपड़ा, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के अलावा हरदा टिमरनी और खिरकिया के एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### 18 कम्पोजिट मदिरा दुकानों की लायसेंस प्रक्रिया शुरू

**हरदा, देशबन्धु।** नवीन ठेका वर्ष 2025–26 के लिये 17 फरवरी से नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। इसके बाद शेष बची हुई कम्पोजिट मदिरा दुकानों व समूहों के लिये ई-टेंडर के माध्यम से निष्पादन किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि इस बार वर्ष 2025–26 के लिये पिछले वर्ष के मुकाबले 20 प्रतिशत वृद्धि कर रिजर्व प्राइज निर्धारित की गई है। उन्होने बताया कि कम्पोजिट मदिरा दुकानों व समूहों के नवीनीकरण के लिये आवेदन 17 से 21 फरवरी तक सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक मिलेंगे। नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित मदिरा दुकानों व समूहों के लिये लॉटरी की प्रक्रिया 22 से 27 फरवरी दोपहर 2 बजे तक होगी। जिला समिति द्वारा 27 फरवरी को दोपहर 2 बजे से नवीनीकरण और लॉटरी के आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जाएगा।

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 15 प्रकरण दर्ज– कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल हरदा शहर के खेड़ीपुरा, मोहल्ला, टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, ग्राम कमताड़ा, मसनगांव तथा खिरकिया के वार्ड क्रमांक 6, खेड़ा, भीमपुरा, जामुखो, मालपौन, मैदा, उंढाल, रामपुरा, नयापुरा व जोगा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 51 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब तथा 900 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 15 प्रकरण दर्ज किये। जप्त किये मुद्देमाल का अनुमानित बाजार 100200 रूपये है।

### रेवा शक्ति अभियान के तहत बेटियों की निशुल्क कोचिंग 24 से

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में घटते लिंगानुपात को बढ़ाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कलेक्टर आदित्य सिंह ने रेवा शक्ति अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत सिर्फ बेटी वाले परिवारों को कीर्ति कार्ड देकर विभिन्न प्रतिष्ठानों के माध्यम से प्रोत्साहित व लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 24 फरवरी से बेटियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ की जा रही है। इस कोचिंग के लिये कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत या उत्तीर्ण बेटियां आवेदन कर सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि इस कोचिंग में छात्राओं को हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये लिखित प्रश्न पत्र की तैयारी सुबह 8 से 11 बजे तक कराई जाएगी, जिसमें अनुभवी शिक्षको द्वारा गणित, विज्ञान एवं अन्य विषय पर तैयारी कराई जाएगी। इसके अलावा शनिवार एवं रविवार को इन्हीं छात्राओं को फिजिकल ट्रेनिंग की तैयारी नेहरू स्टेडियम हरदा में कराई जाएगी। इस कोचिंग में ''पहले आएं पहले पाएं'' के आधार पर छात्राओं का चयन किया जाएगा। इन चयनित छात्राओं के लिये नि:शुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी की व्यवस्था भी की जाएगी।

# महाशिवरात्रि मेला: पचमढ़ी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेले के पहले दिन श्रद्धालुओं का तांता लग गया। पचमढ़ी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला आज से शुरू हुआ और अनुमानित 500 से 600 वाहनों के साथ श्रद्धालु महाशिवरात्रि मेले में भाग लेने के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि मेला 17 फरवरी से 26 फरवर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में पचमढ़ी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन ने सभी प्रकार की सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, और यातायात के लिए उचित प्रबंध किए हैं ताकि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पहले दिन लगभग 10,000 श्रद्धालुओं ने पचमढ़ी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। यह संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। मेले में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखने योग्य था। यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आरटीओ विभाग ने कार्ययोजना अनुसार वाहनों का आवागमन बहुत व्यवस्थित रूप से करवाया। अस्थाई बस स्टैंड पर सभी वाहन खड़े किए गए हैं, जिससे यातायात में कोई अवरोध नहीं हुआ और श्रद्धालुओं को आसानी से मेला स्थल तक पहुंच सके।

**अपर कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा** – मेले के पहले दिन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अपर कलेक्टर डी के सिंह भी पचमढ़ी पहुंचे। उन्होंने मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि हर पहलू पर ध्यान दिया जाए, ताकि मेले का आयोजन सफलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से हो सके।

# सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण भवन स्वामी को नोटिस जारी




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगर के व्यस्ततम मार्ग सर्किट हाउस चौराहे के समीप अंकित अग्रवाल के भवन में स्थित वैल्यू वैरायटी शोरूम के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। शोरूम में आने वाले ग्राहक सड़क पर और आसपास के आवासों के सामने अपने वाहन पार्क कर रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध जाहिर किया गया तथा शिकायतें प्राप्त हो रही थी।

स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि वाहनों के आवागमन एवं शोरगुल के परिणामस्वरूप बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है तथा दैनिक दिनचर्या के कार्यों में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नगरपालिका द्वारा उक्त प्राप्?त शिकायतों को दृ?टीगत रखते हुए मौका मुआयना किया और स्थल पर पहुंच कर देखा कि वास्तविकता में वाहनों के शोरगुल से रहवासी परेशान हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती हेमेश्वरी पटले ने भवन स्वामी अंकित अग्रवाल को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि शोरूम के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसके साथ ही भवन निर्माण से संबंधित सभी दस्तावेज नगरपालिका कार्यालय में 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत किए जाएं। नगर पालिका द्वारा भू स्वामी को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि अगर निर्धारित समय सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए या पार्किंग व्यवस्था नहीं की जाती, तो आपके विरुद्ध मप्र नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**● इको सेंसिटिव जोन के सीमांकन एवं बफर जोन के संबंध में हुई चर्चा ● पर्यटन गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए विधायक गणों ने दिए सुझाव**

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में विकसित की गई नवीन पर्यटन गतिविधियों से रोजगार सृजन एवं आय प्राप्ती के संबंध में तथा इको सेंसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में चर्चा हेतु सोमवार को बोरी अभ्यारण सीमा के नजदीक ग्राम छिमडी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदा पुरम की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी, नर्मदापुरम संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर नर्मदा पुरम सुश्री सोनिया मीना, कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी, क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती राखी नंदा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में इको सेंसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में क्षेत्र संचालक श्रीमती राखी नंदा ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर एवं पिपरिया तथा समस्त सहायक संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के द्वारा संयुक्त रूप से सीमांकन की कार्रवाई प्रचलित है।विधायक गणों ने इको संसेटिव जोन के सीमांकन के संबंध में कहां की इसके अंतर्गत कितने गांव शामिल है एवं राजस्व ग्राम एवं इको सेंसेटिव जोन कहां तक है इको सेंसेटिव जोन से क्या राजस्व गांव का कोई नुकसान होगा के संबंध में जानकारी मांगी। क्षेत्र संचालक ने बताया कि 2017 में इको सेंसेटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इको सेंसेटिव जोन बनाने का मुख्य उद्देश्य ऐसे क्षेत्र में कोई भी कमर्शियल निर्माण के कार्य को ना करना शामिल है। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में इको सेंसेटिव जोन के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत की जाएगी एवं उसमें कितने गांव शामिल है के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। बताया गया कि इको सेंसेटिव जोन के रिवीजन के चांस कम है।



संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा की बाउंड्री के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी जाए। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहां की 2015 का सर्कुलर है। लेकिन अभी तक इस पर विस्?तृत कार्य नहीं हुआ है।एसडीएम और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक निरंतर इस पर वर्क कर रहे हैं। एसडीएम ने कई समस्याएं बताई है। दो-तीन विषयों पर क्लीयरेंस लेना है।सुरक्षित क्षेत्र एवं बफर जोन में कुछ विसंगतियां हैं। आबादी एरिया के 100 मीटर तक का ही हिस्सा लेना है, जबकि गांव कुछ गांव आबादी रहित है तो कुछ में आबादी हैं। इको सेंसेटिव जोन के समीप जो राजस्व ग्राम है उनके संबंध में भी जनप्रतिनिधियों से विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी और जानकारी दी जाएगी।

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि कुछ गांव 5 से 6 साल पहले विस्थापित हो चुके हैं लेकिन आज भी उन्हें सही तरीके से खेती करने नहीं दिया जा रहा है और ना ही मुआवजा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विस्थापित ग्राम के निवासियों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए एवं उन्हें अन्यत्र व्यवस्थित रूप से बसाया जाए। बताया गया की 2004 से अब तक 49 ग्राम विस्थापित हुए हैं। संभाग आयुक्त ने बताया कि आगामी दिनों में वन विभाग की समीक्षा बैठक में सभी गांव की स्थिति विस्तारित रूप से रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक में सभी विधायको को भी आमंत्रित किया जाएगा।

विधायको ने इको सेंसिटिव जोन एवं बफर जोन तथा कोर एरिया में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली, साथ ही बफर जोन में रोजगार की गतिविधियां के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सुझाव दिया कि युवाओं को गाइड एवं अन्य प्रशिक्षण जो दिया जा रहा है उसमें भी विधायक गणों को बुलाया जाए ताकि वह प्रशिक्षण की सभी स्थितियां से वाकिफ हो सके।बताया गया कि इको सेंसेटिव जोन को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा।विधायक गणों ने कहा कि सभी जगह कचरा उठाने के लिए कचरा गाड़ी की अनिवार्य रूप से की व्यवस्था की जाए।जंगल में भी प्लास्टिक का कचरा बहुत बेतरतिब फैला हुआ है उसे भी उठाने की कार्रवाई की जाए।विधायक गणों ने कहा कि धपाड़ा, मल्लूपुरा में स्वागत गेट बनाया जाए साथ ही देलाखारी तामिया बफर जोन के लिए जिप्सी की व्यवस्था उपलब्ध रहे।सांगाखेड़ा, झिरपा में भी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्वागत गेट बनाये जाए। कपिलधारा में भी जो पर्यटन की गतिविधियां चालू है उसे और विस्तारित रूप दिया जाए।

विधायको ने इकहा कि महिलाओं को दोना पत्तल बनाने की ट्रेनिंग दी जाए इससे इको सेंसेटिव जोन, एवं बफर जोन तथा कोर एरिया प्लास्टिक मुक्त हो जाएंगे। इन क्षेत्रों में प्लास्टिक पर पूर्णत प्रतिबंध की आवश्यकता है। साथ ही कहां गया कि बफर जोन की सड़के जो जगह-जगह से टूट गई है उसे दुरुस्त किया जाए।पर्यटन को पर्याप्त रूप से बढ़ावा दिया जाए। सभी विधायकों ने कहा कि होमस्टे के लिए स्थानीय रहवासियों को ही आगे किया जाए ताकि वह अपना कल्चर एवं खान-पान से टूरिस्ट को अवगत करा सके। धांसई गांव में भी होम स्टे पर कार्य करने की बात कही गई। विधायक श्री विजयपाल सिंह ने कहा की मढई क्षेत्र में होटल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।उन्होंने इसे रोकने की मांग की।पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी ने कहा की पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में छोटी अनहोनी में प्राकृतिक गर्म पानी का कुंड है उन्होंने इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग की और कहां की इसके लिए विधायक निधि से भी आवश्यक राशि देने के लिए वे तैयार है। उन्होंने पचमढ़ी स्थित बी फाल पर असामाजिक तत्वों द्वारा टब लगाकर कार्य करने को सख्ती से रोकने की मांग की।बताया गया कि पचमढ़ी के धूपगढ़ में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा कैंटीन प्रारंभ कर दिया गया है। जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने कहां की अगली बैठक सांगा खेड़ा में कर वहां पर बफर जोन में व्याप्त व्यवस्थाओं का सभी अवलोकन करें। बैठक में मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पियुष शर्मा, अरुण शर्मा, सोहागपुर एसडीएम असवन राम चिरावन, जुन्नारदेव एसडीएम कामिनी ठाकुर, अधिवक्ता संजय लेडवानी, कमल धूत, संजीव शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेले एवं पर्वों के लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जाए : सीईओ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान ई ऑफिस प्रणाली के लिए अब तक की जा चुकी कार्यवाहियां एवं विभागों द्वारा अध्ययन की गई जानकारियों की समीक्षा करते हुए श्री रावत ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त प्रणाली के लिए सर्वप्रथम सभी विभागों में ईमेल आईडी बनवाई जाने की प्रक्रिया को संपन्न किया जाए, जिससे ई ऑफिस सिस्टम की आगामी कार्यवाही बढाई जा सके। उन्होंने जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रणाली से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की जानकारियों की सूची तैयार कर समस्त जिला अधिकारियों को उपलब्ध करवा दी जाए जिससे कि सभी अधिकारी पूर्व नियोजित ढंग से अपने-अपने कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सके।

सीईओ जिला पंचायत श्री रावत ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की समीक्षा करते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए की वे सभी अपने अनु विभाग अंतर्गत ऐसे समस्त विद्यालयों जिन्हे परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाया गया है उनके प्राचार्य के साथ बैठक कर शालाओं में समस्त मूलभूत आवश्यक सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, स्वच्छता, परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बेंच एवं कुर्सियों की व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें साथ ही बैठक के दौरान केंद्र अध्यक्ष, बीईओ, कलेक्टर प्रतिनिधि, उड़न दस्ता दल आदि को भी सम्मिलित करें। इसी के साथ केंद्र पर 100 गज की दूरी का पहचान चिह्न भी अंकित कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल्ड है उनका भी निरीक्षण कर इंस्पेक्शन कर लिया जाए। श्री रावत ने पीएम विश्वकर्मा योजना की



समीक्षा करते हुए समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया की पंचायत वार एवं वार्डवार योजना से संबंधित सभी ट्रेड्स में प्रथम स्टेज पर लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। पीएम सूर्य घर योजना के लिए भी सभी सीईओ आवश्यक जानकारी एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर संबंधित विभाग को उपलब्ध करवाए।

मेले एवं पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए सभी एसडीएम द्वारा मेला स्थलों, घाटों, मंदिरों आदि स्थानों पर निरीक्षण करते हुए उक्त स्थानों पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक साफ सफाई, पार्किंग तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ श्री रावत द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि उक्त सभी स्थानों पर बेहतर भीड़ प्रबंधन लागू किया जाए जिससे कि किसी भी आपात एवं अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। उन्होनें इसके लिए आवश्यक रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उनके दायित्व निर्धारित करनें के निर्देश भी जिला पंचायत के मुख?य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक के दौरान समाधान ऑनलाइन के लिए चिन्हित शिकायतों की समीक्षा करते हुए श्री रावत ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निजी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों का प्राथमिकता के तौर पर निराकरण किया जाए। इसी के साथ उन्होंने सभी विभागों को समाधान ऑनलाइन के लिए चिन्हित शिकायतों से संबंधित कोई भी अन्य शिकायत कार्यालयीन स्तर पर लंबित न हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

श्री रावत ने समस्त नगर पालिका अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। अवैध रूप से किए गए पक्के निर्माणों को भी हटाने का कार्य प्राथमिकता पर करे। सीईओ द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान, जल जीवन मिशन, समय सीमा बाह्य प्रकरण, सीपी ग्राम पर लंबित शिकायतों सहित अन्य विषयों की भी सूक्ष्मता से समीक्षा की। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्म ऋ्तु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में जिन स्थानों पर जल आपूर्ति संकट जैसी संभावनाएं हैं उन स्थानों को चिन्हित कर वहां पर निर्बाध जल आपूर्ति भी सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती संपदा गुर्जर, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कोषालय नर्मदापुरम में शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 1 जनवरी 2005 या उसके बाद नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उनके वेतन से 10 प्रतिशत अंशदान और शासकीय अंशदान से 14 प्रतिशत) उनके खाते में जमा किया जाता है। मैन्युअल देयक से वेतन आहरण होने और प्रतिनियुक्त शासकीय सेवकों द्वारा अंशदान चालान के माध्यम से जमा करने के कारण कई शासकीय सेवकों के अंशदान की राशि खाते में जमा नहीं हो पाती थी, जिसके कारण मिसिंग अंशदान कटौती की समस्या उत्पन्न हो रही है।जिला कोषालय अधिकारी नर्मदापुरम श्री नितेश कुमार उईके ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए, संचालनालय पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा म.प्र. भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में और कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला कोषालय द्वारा 18 फरवरी से 28 फरवरी तक मिसिंग अंशदान कटौती के समायोजन के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख से अनुरोध किया गया है कि वे उक्त समयावधि में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने अधीनस्थ शासकीय कर्मचारियों के मिसिंग अंशदान कटौती का निराकरण सुनिश्चित करें।


## कार्यालय तहसीलदार इटारसी
## जिला नर्मदापुरम (म.प.)

क्रं. 1760 / प्रवा. तह./2025 इटारसी दिनांक 15.02.2025

**नीलामी आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि **तिलक सेंदूर मेला वर्ष 2025 दिनांक 25.02.2025 से 27.02.2025** तक आयोजित किया जा रहा है। तिलक सेंदूर मेला वर्ष 2025 का वाहन पार्किंग ठेका की नीलामी निम्नलिखित शर्तों के अधीन दिनांक. 20.02.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे स्थान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय प्रांगण इटारसी में आयोजित की गई है। इच्छुक ठेकेदार नीलामी बोली स्थान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय प्रांगण इटारसी में नियत समय पर नीलामी बोली लगाने हेतु आमंत्रित है।

**मेला नीलामी**

1. स्टेण्ड / (मोटर सायकल/ आटो/फोरव्हीलर, माल वाहक) वाहन पार्किंग:-

**शर्तें**

उपरोक्त तिलक सेंदूर मेला वाहन पार्किंग नीलाम निम्नलिखित शर्तों पर किया जायेगा:

01. शासकीय न्यूनतम बोली 1,08,000.00 रहेगी।
02. मेला अवधि में ठेकेदार द्वारा एक ही बार वाहन से किराया वसूली संपूर्ण मेला अवधि में की जावेगी।
03. कार्यालय द्वारा निर्धारित वसूली दर अनुसार ही वसूली करना अनिवार्य होगी।
04. साईकल स्टेण्ड/मोटरसायकल/वाहन पार्किंग का ठेका, प्राप्त अन्य व्यक्तियों को ठेकेदार उप ठेके पर हस्तांतरित नहीं कर सकेगें और न ही उनके नाम से कोई अन्य व्यक्ति ठेका संचालित करेगा।
05. वाहनों का पार्किंग शुल्क मेला अवधि में एक ही बार (यात्री एवं सामान) ढोने वाले वाहनों से ही लिया जावेगा।
06. ठेके हेतु बोली लगाने के पूर्व मेला वाहन पार्किंग हेतु 15000/- रूपये, प्रतिभूति जमा करनी होगी।
07. वाहन व्यवस्था शुल्क जो मेले में यात्रियों को लाने-ले-जाने वाले वाहन बस, जीप, आटो इत्यादि से केवल एक ही बार संपूर्ण मेला अवधि में लिया जावेगा।
08. ठेका नीलामी के तत्काल पश्चात ठेकेदार को ठेका नीलामी की संपूर्ण राशि तहसील कार्यालय इटारसी में जमा कराकर रसीद प्राप्त कर अनुबंध निष्पादित करना होगा। इसके पश्चात् ही उन्हे स्वीकृति आदेश दिया जावेगा। राशि जमा न करने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा तथा जमा राशि राजसात कर ली जावेगी।
09. ठेके की राशि ठेका नीलामी के पश्चात् जमा न कराने पर प्रतिभूति की राशि जप्त कर ठेका निरस्त कर दिया जावेगा। प्रत्येक ठेकेदार को 50/- रूपये के स्टाम्प पर इकरारनामा व अनुबंध निष्पादित करना होगा।
10. सायकलू स्टेण्ड/मोटरसायकल/वाहन पार्किंग का ठेका हेतु ठेकेदार द्वारा तहसीलदार इटारसी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला के बीच अनुबंध / इकरारनामा निष्पादित किया जावेगा, स्टाम्प शुल्क व्यय ठेकेदार का होगा, इसके पश्चात् ही सायकल स्टेण्ड/मोटरसायकल/वाहन पार्किंग इत्यादि का ठेका मान्य होगा, ठेकेदार द्वारा प्रतिवाहन किराया 24 घंटे के मान से होगा।
11. ठेकेदार को मात्र टेक्स वसूली का ही अधिकार होगा। अन्य व्यवस्थाएं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी/तहसीलदार इटारसी द्वारा की जावेगी।
12. किसी भी ठेके को स्वीकृत करने या रदद् करने का अधिकार तहसीलदार इटारसी को होगा। मेला संबंधी विवाद, मेले की व्यवस्था आदि का निर्णय मेला समिति अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी का अंतिम निर्णय होगा।
13. इकरारनामा एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यालय तहसीलदार इटारसी से संपर्क स्थापित कर किया जा सकता है।
14. टेक्स किराया वसूली एवं अन्य शुल्क इत्यादि के विवाद में मेला समिति अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।
15. तहसीलदार इटारसी द्वारा प्रमाणित रसीद गड्डी से ठेकेदार द्वारा रसीद प्रदाय की जा सकेंगी। ठेकेदार अपनी निजी रसीद पर किसी भी प्रकार की वसूली की कार्यवाही नही करेंगे। जांच के दौरान यह पाया जाता है तो ठेका तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जावेगा ।
16. निर्धारित राशि से अधिक बोली प्राप्त नही होने पर मेला समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**वाहन किराया निर्धारित दर**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सायकल | नि:शुल्क |
| 2. | मोटर सायकल | 20/-रू. प्रतिदिन |
| 3. | आटो रिक्शा | 50/-रू. प्रतिदिन |
| 4. | चार पहिया वाहन | 60/- रू. प्रतिदिन |

**तहसीलदार**
**इटारसी (म.प्र.)**

देशबन्धु

नर्मदापुरम, मंगलवार 18 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# बिहार विधानसभा चुनाव: कांग्रेस पर नज़रें

वैसे तो बिहार विधानसभा के चुनाव होने में अभी कुछ महीनों का वक्त है, पर अचानक कांग्रेस की सक्रियता ने लोगों का ध्यान इसकी ओर खींच लिया है। प्रतिपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के गठन के समय से ही राहुल गांधी इस राज्य में कई बार आ चुके हैं तथा राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं- लालूप्रसाद यादव व उनके बेटे तेजस्वी यादव (पूर्व उप मुख्यमंत्री) के साथ उनके बढ़िया तालमेल के चलते यह तो माना ही जा रहा है कि कांग्रेस-आरजेडी मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड के भी मिलकर लड़ने की सम्भावना अब तक तो बनी हुई है, लेकिन देखना यह भी होगा कि दोनों दलों के द्वारा वाकई कितने संगठित तरीके से इंडिया का मुकाबला किया जायेगा क्योंकि एक तरफ़ तो भाजपा के बीच यह भावना उभर आई है कि (बकौल विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री व भाजपा नेता) 'पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को तभी सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी जब बिहार में भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनती है।' दूसरी ओर, साथ मिलकर राज्य की सरकार चलाते हुए भी नीतीश कुमार 'प्रगति यात्रा' के नाम से राज्यव्यापी दौरा कर रहे हैं जिसमें भाजपा शामिल नहीं है।

कुछ पिछले और कुछ भावी सियासी घटनाक्रमों के बीच बनने वाले किन सम्भावित समीकरणों के तहत चुनाव लड़ा जायेगा, यह देखना दिलचस्प होगा क्योंकि कांग्रेस यह चुनाव पूरे दमखम से लड़ने की तैयारियों में अभी से जुट गयी है। इस चुनाव की पृष्ठभूमि को समझने के लिये पहले की कतिपय परिघटनाओं को याद कर लेना उपयोगी होगा ताकि इस बात का अंदाजा लगाया जा सके कि आगामी चुनावी अखाड़ा किस तरह का तैयार हो रहा है। याद हो कि भाजपा और जेडीयू का लम्बा साथ तो रहा है परन्तु इसी विधानसभा के कार्यकाल में नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर आरजेडी से हाथ मिलाया व लगभग 18 माह सरकार चलाई थी। बाद में अचानक नीतीश ने फिर से पाला बदला और वापस भाजपा के साथ सरकार बना ली। मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हीं के पास रही। इस बीच उन्होंने इंडिया गठबन्धन बनाने में महत्वपूर्ण निभाई थी लेकिन उनके इस तरह पलटने से उनकी छवि को बड़ा नुकसान पहुंचा था। फिर भी एनडीए के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ते हुए उन्होंने 12 सीटें जीतकर बताया कि उन्हें आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। केन्द्र की सरकार जिन दो दलों पर टिकी हुई है उनमें आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी (16 सदस्य) और जेडीयू ही हैं। स्वाभाविक है कि भाजपा जेडीयू को दिखावे के तौर पर तो महत्व देती रहेगी लेकिन पूरी कोशिश करेगी कि वह विधानसभा में उसे कमजोर कर खुद की ताकत बढ़ाये। अब देखना यह होगा कि इसके लिये वह कौन से पैंतरे आजमाती है।

उधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हाल ही में बिहार के दो दौरे कर चुके हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 22 फरवरी को आएंगे। प्रदेश के नये बने प्रभारी कृष्णा अल्लावरु 20 फरवरी को पहुंचेंगे और तीन दिनों तक वहां रहेंगे। माना जाता है कि यहां कांग्रेस सामाजिक न्याय के अपने मुद्दे को पुनर्जाग्रत करेगी क्योंकि बिहार इसी विमर्श की जमीन रही है। कभी नीतीश कुमार को पिछड़ी जातियों व दलितों का संरक्षक माना जाता था लेकिन भाजपा के साथ जाने तथा अनेक महत्वपूर्ण अवसरों व सम्बन्धित विषयों पर उनकी चुप्पी ने उनसे यह ताज छीन लिया है। अलबत्ता, लालूप्रसाद यादव की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के कारण तेजस्वी की इस मामले में प्रतिष्ठा बनी हुई है। फिर, अपने कार्यकाल में लाखों नौकरियां देने के कारण युवाओं एवं लाभान्वित होने वाले वर्गों में वे लोकप्रिय बने हुए हैं। तेजस्वी कांग्रेस के साथ हैं।

खरगे अपने प्रस्तावित दौरे में बक्सर जायेंगे जहां संगठन की ओर से 'जय बापू जय भीम जय संविधान' के नाम से एक बड़ी सभा की जायेगी। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस इसके जरिये दलित-ओबीसी वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। साथ ही, संगठन को यहां नये सिरे से मजबूत करने की रूपरेखा भी बनेगी। माना जाता है कि कांग्रेस यहां कम से कम 70 सीटों पर दावा करेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में वह 9 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पूर्णिया से निर्दलीय लड़े पप्पू यादव के अलावा उसे 3 सीटें मिली हैं जबकि आरजेडी कुल 22 सीटों पर चुनाव लड़ी थी पर उसे 4 सीटें ही मिल सकी थीं। इस तरह देखें तो कांग्रेस का स्ट्राइक रेट उससे बेहतर है। इस कारण उसे लगता है कि अपनी जमीन को यहां मजबूत करना तथा अधिकतम सीटें हासिल करना ज़रूरी है ताकि वह आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बना सके। यहां इंडिया का एक और पार्टनर दल सीपीएम (एमएल) (एल) भी है जिसके पास लोकसभा की दो और राज्य विधानसभा में 11 सीटें हैं। वह भी इंडिया के साथ है।

बिहार का चुनाव अनेक मायनों में बेहद अहमियत रखता है क्योंकि जिस तरीके से यहां नीतीश कुमार ने इंडिया को धोखा दिया, माना जाता है कि उनके कारण ही लोकसभा में येन केन प्रकारेण भाजपा अपनी सरकार बनाने तथा नरेन्द्र मोदी पीएम बनने में कामयाब हो सके। कई बार इस आशय की खबरें उठती रही हैं कि नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के पहले फिर से खेमा बदल सकते हैं। हालांकि एक बड़ा वर्ग इन अनुमानों को सिरे से खारिज करता है क्योंकि उसका मानना है कि नीतीश बाबू इस तरह का फैसला कम से कम विधानसभा चुनाव तक तो लेने से रहे। बहरहाल, मुकाबला दिलचस्प रहेगा।

# झूठ के कुंभ में अनास्था की डुबकी

हैरानी की बात यह नहीं है कि शासन और रेलवे प्रशासन को आखिरकार, शनिवार 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में, अठारह मौतों और कई लोगों के घायल होने की बात स्वीकार करनी पड़ी है। हैरानी की बात यह है कि शासन और रेलवे प्रशासन ने भगदड़ और उसमें मौतों के तथ्य को ही नकारने की तमाम कोशिशें की थीं। लेकिन, शायद इस बार के कुंभ के सिलसिले में जान गंवाने वालों के परिजनों की किस्मत में, इन मौतों का इस तरह नकारा जाना ही लिखा है। नई-दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ पर ही पर्दा डालने की जैसी कोशिशें की गयी थीं, वही सब इससे पहले प्रयागराज में कुंभ स्नान भगदड़ के मामले में किया चुका था। सच तो यह है कि प्रयागराज भगदड़ मामले को छुपाने की कोशिशें और भी दूर तक जारी रही थीं बल्कि जानकारों के अनुसार तो अभी तक यह सिलसिला किसी न किसी रूप में जारी ही है।

प्रयागराज मामले में भी, पहले कई घंटे तक तो 'अफवाह' करार देकर, भगदड़ की किसी भी घटना को नकारने की ही कोशिश की गयी थी। फिर कुछ और घंटे बाद, ''भगदड़ जैसी'' होने और उसमें कुछ लोगों के चोटिल होने की बात मानी गयी। और घटना के पूरे उन्नीस घंटे बाद ही भगदड़ में तीस मौतों और करीब दर्जन भर लोगों के घायल होने की बात मानी गयी। यह दूसरी बात है कि तब तक यूट्यूबरों तथा मुख्यधारा के मीडिया के एक हिस्से द्वारा दी जा चुकी खबरों के अनुसार, पूरे मेला क्षेत्र में उस दिन एक नहीं तीन स्थानों पर भगदड़ की घटनाएं हुई थीं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या, सरकार द्वारा दिए गए तीस के आंकड़े से तीन गुनी नहीं तो, दोगुनी से ज्यादा जरूर थी। पीयूसीएल की खोजी टीम की रिपोर्ट के अनुसार, मौतों की कुल संख्या को कम कर के दिखाने के लिए शासन ने तीन अलग-अलग अस्पतालों में पोस्टमार्टम कराने समेत, तरह-तरह के हथकंडों का सहारा लिया था।

बहरहाल, मौतों तथा घटनाक्रम के सरकारी दावों पर सवाल खड़े करने वाली तमाम रिपोर्टों तथा सामने आयी तमाम जानकारियों का योगी सरकार ने नोटिस तक लेने से इंकार कर दिया और सारी खबरों की ओर से आंख-कान बंद कर के सरकार, इस उम्मीद में कि उसके प्रचार के सामने सब कुछ भुला दिया जाएगा, सब कुछ सुचारु रूप से चल रहा होने का अपना ढोल पीटने में लग गयी। इसी के हिस्से के तौर पर पहले उप-राष्ट्रपति और फिर राष्ट्रपति को ही नहीं, देश के सबसे बड़े धनपतियों में से एक, अंबानी परिवार को बाकायदा वीवीआईपी स्नान कराया गया। उप-राष्ट्रपति ने तो भगदड़ में तीस मौतों की बात तब तक स्वीकार कर लिए जाने के बावजूद, कुंभ की व्यवस्थाओं को न भूतो न भविष्यति का बाकायदा सर्टिफिकेट ही दे दिया था। जाहिर है कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे या उनसे जुड़े लोगों के वीवीआईपी दर्जे पर, खूनी भगदड़ के बाद जारी इस सरकारी आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला था कि सारे वीआईपी पास निरस्त किए जाते हैं। वास्तव में, विभिन्न रिपोर्टों में प्रयागराज में हुई भगदड़ के मुख्य कारणों में कुंभ की वीआईपी संचालित व्यवस्था को सबसे प्रमुख माना गया था, जिसमें मेला क्षेत्र और रास्तों के बड़े हिस्से को, वीआईपी



राजेंद्र शर्मा

> दुर्घटनाओं समेत अप्रिय घटनाओं की सच्चाइयों के सत्ताधारियों द्वारा एक हद तक छुपाए जाने में कुछ भी असामान्य नहीं है। आखिरकार, ऐसी घटनाओं से शासन तथा सत्ताधारियों की कुशलता पर सवाल उठते हैं और इन सवालों को दबाने की कोशिश में, सच्चाइयों को छुपाने की कोशिश भी की जाती है।

गण के लिए सुरक्षित करने के जरिए, आम श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध जगह और रास्तों को, उनकी भारी भीड़ को देखते हुए, और भी छोटा कर दिया गया था।

इसी तरह, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ और मौतों की पर्दापोशी की कोशिशों में शीर्ष पर दिल्ली के लेफ्टीनेंट गवर्नर से लेकर रेल मंत्री तक शामिल थे। हद तो यह थी कि हादसे की जानकारी मिलने पर लेफ्टीनेंट गवर्नर ने भगदड़ और उसमें हुई मौतों पर खेद जताते हुए जो ट्वीट किया था, उसे तब वापस ले लिया गया, जब लेफ्टीनेंट गवर्नर को इसका एहसास हुआ या यह याद दिलाया गया कि संभवत: सरकार पूरी घटना पर ही पर्दा डालना चाहती है। लेफ्टीनेंट गवर्नर ने अब संशोधन कर के नया ट्वीट जारी किया, जिसमें भगदड़ और मौतों, दोनों का जिक्र गायब किया हो चुका था। जाहिर है कि अंत में एक बार फिर जगहंसाई कराते हुए, लेफ्टीनेंट गवर्नर को घटना में मौतों पर शोक जताना ही पड़ा। कुछ ऐसी ही जगहंसाई रेल मंत्री के भी हिस्से में आयी।

बहरहाल, सत्ता में बैठे लोगों के जगहंसाई की परवाह न करते हुए, सत्ता के झूठे आख्यान बल्कि झूठे प्रचार तथा दावों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर होने में तो अब शायद ही कोई हैरानी की बात रह गयी है। लेकिन दुर्भाग्य से अब हैरानी की बात मुख्य धारा के मीडिया के बड़े हिस्से के तत्परता से इस खेल में हिस्सेदार बन जाने में भी नहीं रह गयी है। लेफ्टीनेंट गवर्नर से भी ज्यादा हंसी का पात्र बनते हुए, समाचार एजेंसी 'एएनआई' ने पहले पूरी वफादारी से लेफ्टीनेंट गवर्नर का हादसे पर दु:ख जताने वाला ट्वीट प्रकाशित किया। उसके बाद उसी एजेंसी ने बिना किसी टीका-टिप्पणी के लेफ्टीनेंट गवर्नर का ना कोई भगदड़, ना कोई मौत वाला संशोधित ट्वीट प्रकाशित किया। और अंतत: उतनी ही वफादारी से मौतों पर खेद जताने वाला ट्वीट जारी किया।

सभी जानते हैं कि मुख्यधारा के मीडिया के अधिकांश हिस्से और सोशल मीडिया के भी बड़े हिस्से के गोदीकरण के बल पर ही, भगदड़ में बड़ी संख्या में मौतों जैसी आसानी से न छिपाई जा सकने वाली सच्चाइयों पर भी, मौजूदा निजाम न सिर्फ पर्दा डालने की जुर्रत कर पाता है बल्कि उन पर पर्दा डालने की कोशिशों में काफी हद तक कामयाब भी हो जाता है। मौजूदा निजाम की इस कामयाबी का एक प्रमुख रूप यह भी है कि जिन सच्चाइयों को पूरी तरह से दबाना ही संभव न हो उन्हें भी, उजागर हो जाने के बाद भी, मीडिया पर इसी नियंत्रण के सहारे जल्द से जल्द चर्चा से बाहर करने के जरिए, दफ्न कर दिया जाता है। प्रयागराज भगदड़ की मौतों के मामले में ठीक यही हुआ है। और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ के मामले में भी ठीक यही करने की कोशिशें की जा रही हैं।

इसी के हिस्से के तौर पर नई दिल्ली स्टेशन भगदड़ के मामले मृतकों के परिवारजनों को, रात में ही पोस्टमार्टम कराने के बाद न सिर्फ शव सौंप दिए गए बल्कि सरकार के अपने तमाम नियम-कायदों को ताक पर रखकर, परिजनों को दस-दस लाख रुपए की नकद सहायता राशि भी मुंह अंधेरे ही पकड़ा दी गयी। मकसद यही था कि परिवारजन जल्द से जल्द लाश लेकर, मीडिया और खबरों से दूर, अपने गांवों के लिए निकल जाएं। खबरों के अनुसार, पुलिस के सिपाहियों के साथ वाहनों से लाशों को जल्द से जल्द रवाना करने पर ही सारा जोर था। ऐसा लगता है कि प्रयागराज की घटना से पर्दापोशी का यही सबक दिल्ली प्रकरण को संभालने वालों ने लिया था। प्रयागराज प्रकरण के विपरीत, उन्होंने लाशों को जल्द से जल्द, घटनास्थल से दूर से दूर भिजवाने का, पूरा इंतजाम किया था। हैरानी की बात नहीं है कि भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख, अमित मालवीय ने रविवार को ही इसकी तस्वीरें ट्विटर पर भी डालनी शुरू कर दी थीं कि कैसे नई-दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सब कुछ सामान्य था! आशय यह कि इसके बाद, भगदड़ और मौतों की चर्चा पर पटाक्षेप हो जाना चाहिए।

बेशक, दुर्घटनाओं समेत अप्रिय घटनाओं की सच्चाइयों के सत्ताधारियों द्वारा एक हद तक छुपाए जाने में कुछ भी असामान्य नहीं है। आखिरकार, ऐसी घटनाओं से शासन तथा सत्ताधारियों की कुशलता पर सवाल उठते हैं और इन सवालों को दबाने की कोशिश में, सच्चाइयों को छुपाने की कोशिश भी की जाती है। ऐसा करने से अपवाद स्वरूप, केरल की कम्युनिस्ट सरकार जैसी कोई ऐसी सरकार ही बची रह सकती है, जो ऐसी किसी भी मुश्किल के समय में अपनी समुचित सक्रियता और जन-भागीदारी सुनिश्चित करने की तत्परता से, लोगों का भरोसा जीत सकने का विश्वास रखती हो।

लेकिन, नरेंद्र मोदी के राज में तो जनता की दु:ख-तकलीफ की सच्चाइयों को, सिरे से नकारने को ही नियम या नया नॉर्मल बना दिया गया है। पहली बार नोटबंदी के समय में बड़े पैमाने पर यह देखा गया था। उसके बाद, कोरोना के समय पर, प्रवासी मजदूरों की तकलीफदेह पैदल घर वापसी से लेकर, आक्सीजन तथा अस्पतालों में बैडों की कमी तथा श्मशानों में कतारों तक की सच्चाइयों को जिस बेशर्मी से नकारने का अभ्यास किया गया, उसके बाद से बराबर जारी ही है। मणिपुर में दो साल चली अशांति में और अब कुंभ में भी, हादसा दर हादसा वही सब हो रहा है। यह सत्ताधारियों को जवाबदेही से परे बनाने का रास्ता है। धार्मिक उन्माद के बल पर सत्ता और सत्ता के बल पर धार्मिक उन्माद की आग में घी डालते रहने का मौका, यही वह फंदा है जो भारतीय जनतंत्र के गले पर कसता जा रहा है।

# नया टैक्स बिल 2025 : पारदर्शिता या डिजिटल निगरानी?

■ सचिन श्रीवास्तव

भारत सरकार ने नया टैक्स बिल 2025 संसद में पेश किया है, जिसका उद्देश्य मौजूदा कर प्रणाली को सरल बनाना और कर प्रशासन को तकनीकी रूप से अधिक उन्नत बनाना है। यह विधेयक 1961 के आयकर अधिनियम की जगह लेगा और 2026 से प्रभावी होने की संभावना है। यह न केवल करदाताओं के लिए बल्कि भारत की आर्थिक और डिजिटल संरचना के लिए भी महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

नए विधेयक के तहत कर अधिकारियों को करदाताओं के डिजिटल डेटा, सोशल मीडिया गतिविधियों, ऑनलाइन लेन-देन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंचने की अनुमति दी गई है। सरकार का तर्क है कि इससे कर चोरी पर नियंत्रण आसान होगा, लेकिन इससे निजता के अधिकारों का उल्लंघन भी हो सकता है। यह सरकार और नागरिकों के बीच भरोसे को भी प्रभावित कर सकता है।

> नया टैक्स बिल 2025 कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने का प्रयास करता है। यह डिजिटल कराधान, क्रिप्टो करेंसी और अनिवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि, इसमें निजता की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी के दुरुपयोग, छोटे व्यवसायों पर प्रभाव और विदेशी निवेश पर संभावित असर जैसी चुनौतियां भी हैं।

विधेयक में कर से जुड़े शब्दों और प्रावधानों को सरल भाषा में लिखा गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। उदाहरण के लिए, 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से बदला गया है। इससे कर अनुपालन दर बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

पहली बार क्रिप्टो करेंसी को कर कानून के दायरे में लाया गया है। अब इसे 'अघोषित आय' की श्रेणी में रखा गया है और कर अधिकारियों को डिजिटल संपत्तियों की जब्ती का अधिकार दिया गया है। इससे क्रिप्टो निवेशकों में चिंता बढ़ सकती है और निवेश प्रवृत्तियों में बदलाव आ सकता है।

यदि कोई एनआरआई भारत में रुपए 15 लाख या उससे अधिक की आय अर्जित करता है, तो उसे भारतीय करदाता माना जाएगा। इससे भारत में निवेश करने वाले अनिवासी भारतीयों पर प्रभाव पड़ सकता है।

टैक्स प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की कोशिश निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बना सकता है। हालांकि, डिजिटल निगरानी का बढ़ा हुआ दायरा विदेशी कंपनियों के लिए चिंता का विषय बन सकता है।

सरल भाषा और पारदर्शिता कर अनुपालन को बढ़ाने में मदद कर सकती है। करदाता अब जटिल कानूनी प्रावधानों से बच सकेंगे, जिससे सरकार को अधिक राजस्व मिल सकता है।

सरकार का बढ़ता डिजिटल हस्तक्षेप नागरिकों की निजता पर प्रश्नचिह्न लगा सकता है। यदि डेटा सुरक्षा कानून मजबूत नहीं किए गए, तो यह विधेयक सरकार के लिए आलोचना का कारण बन सकता है।

क्रिप्टो करेंसी पर सख्त नियमों से इस क्षेत्र में निवेश की गति धीमी हो सकती है। निवेशक अधिक लचीले कर नियमों वाले देशों की ओर रुख कर सकते हैं।

सरकार कर अधिकारियों को डिजिटल निगरानी का अत्यधिक अधिकार दे रही है, जिससे नागरिकों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। यह निगरानी राज्य के रूप में सरकार की छवि बना सकता है।

नए डिजिटल अनुपालन मानदंडों को पूरा करना छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए कठिन हो सकता है। इससे उनका प्रशासनिक खर्च बढ़ सकता है।

विधेयक में कर दरों के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। यदि उच्च कर दरें लागू की जाती हैं, तो इससे मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है।

भारत में 15 लाख से अधिक कमाने वाले एनआरआईएस को निवासी करार देने से कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। इससे विदेशी निवेश और प्रवासी भारतीयों के भारत में व्यापार करने की इच्छा प्रभावित हो सकती है।

सरकार का यह कदम कर चोरी को रोकने और कर संग्रह बढ़ाने में मदद कर सकता है। यदि इसे सही ढंग से लागू किया जाए, तो भारत की कर व्यवस्था अधिक कुशल और पारदर्शी बन सकती है।

इस विधेयक में निगरानी संबंधी प्रावधानों के कारण नागरिकों की निजता की सुरक्षा के लिए मजबूत डेटा सुरक्षा कानून बनाना आवश्यक होगा।

भारत में क्रिप्टो करेंसी के लिए स्पष्ट कर नियम आवश्यक होंगे, ताकि निवेशकों को अनिश्चितता से बचाया जा सके और सरकार को राजस्व का लाभ मिल सके।

भले ही यह विधेयक टैक्स प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन इसे लगातार अद्यतन करने की जरूरत होगी ताकि यह बदलती अर्थव्यवस्था और तकनीकी परिदृश्य के अनुकूल बना रहे।

नया टैक्स बिल 2025 कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने का प्रयास करता है। यह डिजिटल कराधान, क्रिप्टो करेंसी और अनिवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि, इसमें निजता की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी के दुरुपयोग, छोटे व्यवसायों पर प्रभाव और विदेशी निवेश पर संभावित असर जैसी चुनौतियां भी हैं। यदि सरकार इन खामियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाती है, तो यह विधेयक भारत की कर प्रणाली में ऐतिहासिक सुधार ला सकता है।



## ललित सुरजन की कलम से

# संसाधनों का राष्ट्रीयकरण!

*पंडित नेहरू साम्यवादी नहीं थे। वे साम्यवाद के अच्छे पहलुओं को स्वीकार करने के लिए तैयार रहते थे, लेकिन साम्यवाद के तौर-तरीकों से उन्हें कुछ बुनियादी आपत्तियां थीं और देश के भीतर साम्यवादी दल की रीति-नीति को लेकर उन्हें बहुत से संदेह भी थे। वे एक खुले विचारों वाले व्यक्ति थे और देश के नव-निर्माण में सबसे यथायोग्य योगदान की अपेक्षा करते थे। जब देशी उद्योगपतियों ने उन्हें बॉम्बे प्लान दिया तो उसको उन्होंने बिना देखे खारिज नहीं किया। किन्तु उनकी दृढ़ मान्यता थी कि स्वतंत्र भारत में सार्वजनिक क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाएगा। आर्थिक गतिविधि का कोई भी आयाम हो, वे मानते थे कि उसकी कमान केन्द्र सरकार के पास होना चाहिए।*

*इस तरह हम पाते हैं कि उन्होंने देश में औद्योगिक प्रगति के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करना प्रारंभ किया। सार्वजनिक क्षेत्र को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उद्योग के साथ कृषि संवर्धन के लिए भी नई नीतियां बनाई गईं। उन्होंने सहकारी कृषि की भी कल्पना की, जिसकी शुरुआत राजस्थान के सूरतगढ़ से हुई। पशुपालन व दुग्ध व्यवसाय में भी डॉ. कुरियन के नेतृत्व में सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया। विज्ञान व तकनीकी विकास के लिए आईआईटी जैसे संस्थान खुले। आणविक ऊर्जा आयोग, अंतरिक्ष आयोग, सीएसआईआर आदि की स्थापना की गई। इन सबकी परिकल्पनाएं योजना आयोग में की गई, जिसके अध्यक्ष वे स्वयं थे।*

**देशबन्धु में 08 नवम्बर को प्रकाशित**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/11/blog-post.html

## पावन प्रसंग

# निरंतर परिश्रम, संघर्ष और मनोबल के परिणाम श्रेष्ठ

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना- इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्कबुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ने से दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी

दिल्ली के रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म 14 और 16 पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। महाकुम्भ में प्रयागराज को जाने की भीड़ जुटी थी। यात्रियों की भगदड़ से करीब 18 यात्रियों की मौत हो गई। भीड़ प्रबंधन की रेलवे के तरफ से कोई तैयारी नहीं थी। रेलवे के अधिकारियों को यह अंदाजा भी नहीं था कि एकाएक भीड़ बढ़ जाएगी और अफरातफरी में 18 लोगों की मौत हो जाएगी। रेलवे विभाग रोज की तरह ही व्यवस्था में जुटा हुआ था। यह हादसा एक इतेफाक था। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में किसी का भाई तो किसी की बहन को खो देने का गम है। प्रयागराज महाकुम्भ की तैयारी में आए यात्रियों को कहां खबर थी कि यह हमारी आखिरी यात्रा है। कुदरत के समक्ष लाचार मानवी अपने मन की नहीं कर सकता है। जन्म-मरण अपने हाथ में नहीं है। दरअसल, तीन ट्रेनें देर से चल रही थी उसके कारण प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने भीड़ को संभालने की जगह टिकट की बिक्री चालू ही रखी जिससे देखते ही देखते 15 और 16 नम्बर प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ती ही गई। ट्रेन के आने के बाद जगह रोकने के लिए जैसे ही यात्रियों ने दौड़ लगाई तो पैरों के नीचे कुचलने और जी मचलने के बाद मौतें हो गई। सीढ़ियों और आसपास बैठे लोगों को हटाने के लिए रेलवे पुलिस ने उचित नहीं समझा। ज्यों ज्यों भीड़ बढ़ती गई वैसे-वैसे यात्री भागते नजर आए। अनेक यात्रियों को चोटें आई है तो कई बेसुध पड़े हुए मिले। भगदड़ में मरने वालों की यह प्रथम घटना नहीं है। दरअसल, अभी हाल ही प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। 2010 में 16 मई को भगदड़ में दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 2 व्यक्तियों की मौत हो गई थी। अनेक घायल हो गए थे। 2014 में गांधी मैदान में पटना की इस घटना से दीवाली के पूर्व दशहरा को 32 लोग भगदड़ में मारे गये थे। इस घटना से लोगों के घरों में मातम छा गया था। 2015 में आंध्रप्रदेश के गोदावरी नदी के तट पर धार्मिक उत्सव में 27 लोगों की मौत हो गई थी। 2022 में कटरा के वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ की अफरातफरी में 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इंदौर की इस घटना में रामनवमी के दिन 2023 में कुएं के ऊपर स्लैब ढही उसमें 36 लोगों की मौत हो गई। पिछले साल हाथरस में 107 लोगों की मौत हो गई। इस तरह से इन वर्षों में कई लोगों की मौत हुई है। यह घटनाएं कभी नहीं भुलाई जाने वाली है। इस तरह की घटना में मरने वालों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। क्योंकि इस तरह की घटना से अचानक परिवार को अलविदा कह देते हैं। यह शूल की तरह परिवार के दिल में खटकते रहते हैं। यह चुभन दिल को छू लेती है।

**कांतिलाल मांडोत**, सूरत

# खेल जगत

## खडसे ने किया महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैम्पियनशिप 2025 का उद्घाटन

**पुणे।** केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को उद्घाटन किया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है। फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया (एफईएआई) और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमईए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर श्रीमती खड़से ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ईस्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी है, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 में शुरू होने वाले हैं।



# भारत को अखरेगा बुमराह का बाहर होना

○ सत्येन्द्र पाल सिंह







- शमी और कुलदीप यादव की फिटनेस कसौटी पर होगी
- बतौर ऑलराउंडर हार्दिक के भारत का तुरुप का इक्का साबित होने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 17 फरवरी (देशबन्धु)। भारत रोहित शर्मा की अगुआई में 2023 में अजेय रह मात्र फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार खिताब जीतने से चूकने वाली कमोबेश टीम के साथ तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट खिताब जीतने का अपना अभियान ग्रुप ए में बांग्लादेश के खिलाफ यूएई में 20 फरवरी यानी बृहस्पतिवार को मैच खेल कर शुरू करने के बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और 2 मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। भारत ने अब तक 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सीधे जीती है जबकि इससे पहले 2002 के संस्करण में फाइनल बारिश के चलते लगातार दो बारिश के चलते धुलने के कारण धुल गया और तब श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रहा था और 2000 में न्यूजीलैंड से और 2017 में पाकिस्तान से हार कर दो बार उप विजेता रहा था। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान में खेलने की इजाजत न देने के कारण हाइब्रिड मॉडल के आधार पर आईसीसी ने उसके चैपियंस के सभी मैच तटस्थ यूएआई में कराने की इजाजत दे दी है।

भारत को अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का पीठ की चोट से बाहर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना बहुत अखरेगा। लाख टके का सवाल बुमराह के बाहर होने से उनकी कमी की भरपाई भारत कैसे करेगा? जांचे परखे भारत के 2023 के वनडे विश्व कप 2023 विश्व कप के फाइनल मे ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद चोट के चलते टीम इंडिया से करीब बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव की फिटनेस कसौटी पर होगी। आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 में बुमराह आठ मैचों में 15 विकेट लेकर भारत के ही अर्शदीप (17 विकेट) के बाद विकेट चटकाने में तीसरे नंबर पर और 2023 के वनडे विश्व कप में 11 मैचों में 20 विकेट चटकाने में चौथे नंबर पर रहे थे कि जबकि मोहम्मद शमी ने मात्र आठ मैचों मे सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाए थे वहीं रवींद्र जडेजा ने 11 मैचों में 16 और कुलदीप यादव ने 15 विकेट चटकाए थे। भारत ने तीन स्पिन ऑलराउंडरों- बाएं हाथ के अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा व वाशिंगटन सुंदर के साथ लेग स्पिनर कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर के रूप में पांच स्पिनरों पर दांव खेला है। भारत हार्दिक, अक्षर और रवींद्र जडेजा के रूप में तीन ऑलराउंडरों के साथ उतरने का फैसला करता है फिर उसके पास आठवें नंबर पर बल्लेबाजी रहेगी। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के तुरुप के इक्के साबित होने की उम्मीद है। वहीं खासतौर पर बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप मे बीच के ओवरों में प्रतिद्वंद्वी टीम के खासतौर पर स्पिनरों की लय बिगाड़ने के मकसद से अक्षर पटेल की भूमिका खासी अहम रहने वाली है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में जिन तीन स्पिनरों के साथ उतरता नजर आ रहा है वे हैं- रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव। बेशक भारत के हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को एक्स फैक्टर कहें लेकिन उनकी और वाशिंगटन सुंदर की शुरुआती एकादश में तो जगह बनती नजर नहीं आती है। भारत के चैम्पियन ट्रॉफी में जिन दो नियमित दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की उम्मीद है तो इसकी अगुवाई मोहम्मद शमी करेंगे और उनके जोड़ीदार बुमराह की गैरमौजूदगी में बाएं हाथ के अर्शदीप के ही उतरने की उम्मीद है जबकि तीसरे तेज गेंदबाज का जिम्मा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ही निभाएंगे। भारत यदि किसी मैच में चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करता है और सवाल यह रहेगा कि वह हर्षित राणा को एकादश में शामिल करने के लिए क्या कुलदीप यादव काश बाहर रखेगा। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर यह साफ कर चुके हैं केएल राहुल चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के नंबर 1 विकेटकीपर होंगे और ऐसे में पूरे टूर्नामेंट से विकेटकीपर को एकादश से बाहर बैठना पड़ सकता है। भारत ने 2023 में अपने घर में ऑस्ट्रेलिया से आईसीसी वन डे विश्व कप के फाइनल में हारने के बाद तीन सीरीज से जो नौ वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में 2-1 से हराने के बाद वह श्रीलंका से उसके घर में तेज घुमाव लेती स्पिन की पिचों पर 0-2से हारा और चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले इंग्लैड को तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में 3-0 से शिकस्त दी।

# एफआईएच प्रो लीग : जर्मनी के खिलाफ जीत की लय जारी रखना चाहेगा भारत

- जर्मनी की टीम इस टूर्नामेंट में भारत से ऊपर सातवें स्थान पर है
- भारत और जर्मनी की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में हुई थी




**भुवनेश्वर,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत की पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अभियान को मजबूती देने के लिए जर्मनी के खिलाफ खेलने को तैयार है। टीम ने अपने पहले मुकाबले में स्पेन से 1-3 की हार के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में 2-0 से जीत दर्ज की थी। अब भारत इसी लय को जर्मनी के खिलाफ भी बनाए रखना चाहेगा। दो मैचों में तीन अंकों के साथ भारत फिलहाल अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और ऊंचे पायदान पर पहुंचने की कोशिश करेगा।

टीम का एक अहम लक्ष्य पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की अपनी क्षमता में सुधार करना है। स्पेन के खिलाफ दो मैचों में भारत ने सात पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन कोई भी गोल में नहीं बदल सका। ऐसे में आगामी मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी इन मौकों को भुनाने पर खास ध्यान देंगे। अब तक इस टूर्नामेंट में दिलप्रीत सिंह, मंदीप सिंह और सुखजीत सिंह एक-एक गोल कर चुके हैं और जर्मनी के खिलाफ अपनी गोल संख्या बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

जर्मनी की टीम इस टूर्नामेंट में भारत से ऊपर सातवें स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं और चार अंक हासिल किए हैं। हालांकि जर्मनी ने केवल एक मैच जीता है, लेकिन उसके लिए राफेल हार्टकोफ, गोंजालो पेलियाट और थीस प्रिंज ने दो-दो गोल किए हैं। जर्मनी इस मैच में जीत दर्ज कर अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। भारत और जर्मनी की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में हुई थी, जहां दो मैचों की टेस्ट सीरीज में जर्मनी ने पहला मुकाबला 2-0 से जीता था, जबकि भारत ने दूसरे मैच में रोमांचक अंदाज में 5-3 से जीत हासिल की थी। हालांकि, जर्मनी ने शूटआउट में जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम की ली थी। अब प्रो लीग में दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला और भी दिलचस्प रहने वाला है।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इस मैच को लेकर कहा कि हम जर्मनी के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयार हैं। वे एक मजबूत टीम है, इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि स्पेन के खिलाफ जीत से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है, लेकिन हमें अभी और मेहनत करने की जरूरत है। खासतौर पर पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की क्षमता को सुधारना हमारे लिए अहम होगा, क्योंकि करीबी मुकाबलों में ये मौके बहुत मायने रखते हैं। टीम पूरी तरह तैयार और उत्साहित है। हम अपनी जीत की लय को बनाए रखना चाहते हैं। घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा खास होता है, और हम अपने प्रशंसकों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

## भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को 2-0 से हराया, खिलाड़ी बोले, 'जर्मनी के खिलाफ भी अच्छा खेलेंगे'

**भुवनेश्वर,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को स्पेन को 2-0 से हरा दिया। टीम की इस जीत में मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में स्पेन को 2-0 से हराया। पहले मैच में 1-3 से हार झेलने के बाद भारत ने रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। मनदीप सिंह (32) और दिलप्रीत सिंह (39) के गोलों ने भारत को इस सत्र की पहली जीत दिलाई। भारत का डिफेंस पिछले मुकाबले की तुलना में काफी बेहतर था। भारतीय टीम ने स्पेनिश टीम को रोके रखा। दूसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर दबदबा बनाए रखा और गोल करने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन स्पेन का डिफेंस मजबूत रहा। 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद भारत गोल नहीं कर सका और दोनों टीमें हाफटाइम तक 0-0 से बराबरी पर रहीं। आखिरकार 32वें मिनट में भारतीय टीम को सफलता मिली। मनदीप सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर से रिबाउंड का फायदा उठाते हुए दिलप्रीत सिंह की मदद से गेंद को गोलपोस्ट में भेज दिया। इस गोल ने भारतीय टीम को जोश से भर दिया और सिर्फ सात मिनट बाद भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में गोल कर दिया। जीत के बाद स्पेन के खिलाफ मुकाबले में कप्तानी कर रहे हार्दिक सिंह ने आईएएनएस से कहा कि आज सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले मुकाबले में जो भी गलतियां थीं, उस पर काम किया गया। भारतीय टीम अच्छे से खेल रही है और हमारा डिफेंस भी काफी मजबूत है। हमें उम्मीद है कि टीम अगले मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## डब्ल्यूपीएल 2025 : गार्डनर की तूफानी पारी के दम पर जीती गुजरात जायंट्स

**वडोदरा,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। कप्तान एशले गार्डनर के 32 गेंदों पर शानदार 52 रनों की बदौलत गुजरात जायंट्स ने रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल 2025 में पहली जीत दर्ज की। इससे पहले लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के 25 रन पर तीन विकेट की बदौलत जीजी ने यूपी वॉरियर्स को 143/9 पर रोक दिया था। 144 रनों का पीछा करने के लिए उतरी गुजरात जायंट्स की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और महज 57 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। बेथ मूनी ग्रेस हैरिस की फुल टॉस गेंद पर शून्य पर आउट हुईं।

अगले ओवर में जीजी को एक और झटका लगा जब दयालन हेमलथा भी शून्य पर आउट हो गईं। ऐसा लगने लगा कि जायंट्स लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगी। लेकिन, क्रीज पर मौजूद एशले गार्डनर ने पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से शानदार अर्धशतक जड़कर जीजी की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। उनके आउट होने के बाद, डिएंड्रा डॉटिन ने 18 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 33 रनों की शानदार पारी खेली। हरलीन देओल ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 गेंदों में चार चौकों सहित नाबाद 34 रन बनाए। वॉरियर्स की पारी में किरण नवगीरे ने पहले दो ओवर में तीन चौके लगाए। लेकिन जायंट्स ने भी वापसी की। डिएंड्रा डॉटिन की तेज गेंद पर किरण एलबीडब्लू आउट हुईं। उसके बाद कप्तान एश्ले गार्डनर ने वृंदा दिनेश को सस्ते में आउट कर दिया। दीप्ति शर्मा और उमा छेत्री ने पारी को आगे बढ़ाया। सिंगल-डबल लेकर दोनों टीम को एक अच्छी स्थिति में ले जा रही थीं। लेकिन, 10वें ओवर में उमा आउट हो गईं। इसके बाद तो विकेट गिरने का सिलसिला रुका ही नहीं। 100 रन के भीतर आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। पारी के आखिरी ओवर में साइमा ने एशले की गेंद पर तीन चौके लगाए। हालांकि, साइमा आखिरी गेंद पर रन आउट हो गईं। इससे पहले उन्होंने अलाना के साथ मिलकर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया था। जायंट्स ने दो ओवर शेष छह विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। जीजी की दो मैचों में यह पहली जीत है।



- दीप्ति शर्मा और उमा छेत्री ने पारी को आगे बढ़ाया

## चेन्नई में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स की शुरुआत, देशभर से 1,476 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**चेन्नई,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को तमिलनाडु सरकार का समर्थन प्राप्त है। यह 20 फरवरी तक चलेगी। इस चैंपियनशिप में भारत भर से 1,476 पैरा-एथलीटों ने हिस्सा लिया है, जो 30 टीमों के तहत 155 स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। इससे यह देश में सबसे बड़े पैरा-एथलेटिक्स समारोहों में से एक बन गया है। यह आयोजन देवेंद्र झाझरिया के नेतृत्व वाली भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और चंद्रशेखर राजन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु पैरालंपिक खेल संघ के प्रयासों से सुचारू रूप से आयोजित किया जा रहा है। सत्य प्रकाश सांगवान और जयवंत गुंडू हमनवार सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भी चैंपियनशिप के बिना रुके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।चैंपियनशिप के बारे में बोलते हुए, पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि हमें विश्वास है कि चेन्नई में होने वाली यह चैंपियनशिप भारत में पैरा-एथलेटिक प्रतियोगिताओं के लिए नए मानक स्थापित करेगी। 155 स्पर्धाओं में 1,476 पैरा-एथलीटों की प्रभावशाली भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट देश में पैरा-स्पोर्ट्स के तेजी से विकास और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। विश्व स्तरीय सुविधाओं और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, हम भारतीय पैरा-एथलेटिक्स के लिए एक नए युग के साक्षी बन रहे हैं।

## सार संक्षेप

### भोपाल में शुरू हुआ सुरक्षा बलों के लिए चार दिवसीय वाटर स्पोर्ट्स इवेंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल की ऊपरी झील पर सोमवार को पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के लिए आयोजित 24वीं वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री यादव ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किया, परेड का निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति आपका समर्पण और देशसेवा युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। मैं सभी खिलाड़ियों और टीमों को शुभकामनाएं देता हूं। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एआईएससी) कर रहा है और इसमें 360 से अधिक पदकों के लिए मुकाबले होंगे।

### सचिन बेबी के अर्द्धशतक से केरल बड़े स्कोर की ओर

**अहमदाबाद।** सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्द्धशतकीय जूझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिये हैं।केरल ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए।

## जैक्वेट ने दूसरे वरीय बिली हैरिस को हराकर दिल्ली ओपन का एकल खिताब जीता

**नई दिल्ली,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। फ्रांसीसी खिलाड़ी किरियन जैक्वेट ने चेन्नई ओपन 2025 का खिताब जीतने के कुछ ही दिनों बाद दिल्ली ओपन 2025 का एकल खिताब जीतकर अपने शानदार भारतीय वसंत को और आगे बढ़ाया। गैर वरीयता प्राप्त जैक्वेट ने डीएलटीए कॉम्प्लेक्स सेंटर कोर्ट में दूसरे वरीय बिली हैरिस को 6-4, 6-2 से हराकर खिताब जीत लिया। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन और दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली ओपन 2025 एक एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट था जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता था और इसकी पुरस्कार राशि 100,000 अमेरिकी डॉलर थी। एकल स्पर्धा जीतकर जैक्वेट ने 75 महत्वपूर्ण एटीपी अंक हासिल किए। सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त विट कोप्रिवा पर अपनी जीत की गति को आगे बढ़ाते हुए, लेखन के समय विश्व में 204वें स्थान पर काबिज जैक्वेट ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार में ही विश्व में 116वें स्थान पर काबिज हैरिस की सर्विस तोड़कर 3-0 की बढ़त ले ली। हालांकि, ब्रिटिश खिलाड़ी ने भी उसी तरह जवाब दिया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़कर 3-3 से बराबरी हासिल की। हालांकि, जैक्वेट ने आठवें गेम में फिर से सर्विस तोड़ी और फिर अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस पर पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। अपने तीसरे एटीपी चैलेंजर खिताब के लक्ष्य से, जैक्वेट ने दूसरे सेट की शुरुआत अपनी सर्विस पर मजबूत डिफेंस के साथ की और चौथे गेम में हैरिस की सर्विस तोड़ने के करीब पहुंचे। फिर भी, दूसरे वरीय खिलाड़ी ने 40-0 की बढ़त गंवाने के बाद अपना धैर्य बनाए रखा और ड्यूस जीतकर सेट 2-2 से बराबर कर दिया।



- जैक्वेट ने दूसरे वरीय बिली हैरिस को 6-4, 6-2 से हराकर खिताब जीता

## दानिश मालेवर और ध्रुव शौरी के अर्द्धशतक से विदर्भ हुई मजबूत

**नागपुर,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जूझारू अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। विदर्भ ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गवां दिया। इसके ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

## यूपी ग्रेस व राउंड्ग्लास हॉकी अकादमी सेमीफाइनल में

**लखनऊ,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। पिछली विजेता राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) और मेजबान यूपी ग्रेस ने 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब-जूनियर (अंडर-14) प्राइज़मनी हॉकी टूर्नामेंट में शानदार जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने मनमोहन सिंह हॉकी अकादमी को 7-1 से और मेजबान यूपी ग्रेस ने रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब को 1-0 से हराया। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में आज यूपी ग्रेस ने अबु हुजैफा के एकमात्र गोल से जीत दर्ज की। अबु हुजैफा ने यह गोल आठवें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर पर दागा। हालांकि दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ मैदानी गोल दागने की कई कोशिशें की लेकिन आला दर्जे के डिफेंस के चलते गोल करने में नाकाम रही। पहले क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने गुरमानवदीप सिंह की हैट-ट्रिक सहित आक्रामक अंदाज के सहारे मनमोहन सिंह हॉकी अकादमी के खिलाफ 7-1 से जीत दर्ज की। राउंडग्लास से गुरमानवदीप सिंह ने 13वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करते हुए शुरुआती गोल दागा। जवाब में एमएम सिंह अकादमी से हर्ष ने 18वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर से बराबरी का गोल दागा। राउंडग्लास हॉकी अकादमी की टीम ने जल्द वापसी की और गुरमानवदीप सिंह ने 23वें मिनट में अपना व टीम का दूसरा गोल करते हुए टीम को दूसरे क्वार्टर में 2-1 की बढ़त दिला दी। उन्होंने 34वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागते हुए हैट-ट्रिक पूरी की। इसके एक मिनट बाद ही रणवीर सिंह ने प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर को छकाते हुए 35वें मिनट में शानदार गोल दागा।

# भारत के खिलाफ पाक का पलड़ा भारी : यूसुफ

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025



- चैम्पियंस ट्रॉफी की शुरुआत बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के मुकाबले से होगी

**नई दिल्ली,** 17 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है, जिससे देशभर में क्रिकेट को लेकर उत्साह है। दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने इस मौके पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय टीम पर पूरा भरोसा है कि वे घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के मुकाबले से होगी। यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और उसके क्रिकेट भविष्य के लिए बहुत अहम है। यूसुफ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तारीफ की, जिसने सभी स्टेडियमों को रिकॉर्ड समय में नया रूप दिया। उन्होंने समा टीवी से बात करते हुए कहा कि मैं हर पाकिस्तानी की तरह बहुत उत्साहित हूं। 29 साल बाद पाकिस्तान में आईसीसी टूर्नामेंट हो रहा है। पीसीबी ने छह महीने में स्टेडियमों का शानदार नवीनीकरण किया, यह क्रिकेट को आगे बढ़ाने के उनके संकल्प को दर्शाता है। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है, तो वह अपने ही मैदान पर खेलेगा। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान की टीम वैसा ही शानदार प्रदर्शन करेगी, जैसा पीसीबी ने स्टेडियमों को तैयार करने में किया है।

हालांकि, यूसुफ ने यह भी माना कि पाकिस्तान को कड़ी चुनौती मिलेगी, खासकर न्यूजीलैंड और भारत से, जो टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमें हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम एशियाई परिस्थितियों में भी मजबूत नजर आती है। उनकी बल्लेबाजी का ऊपरी क्रम मजबूत है, उनके पास अच्छे स्पिनर और तीन बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। यूसुफ ने कहा कि न्यूजीलैंड सबसे संतुलित टीम लग रही है। उनके पास उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल एक अच्छी टीम है। उनके पास तीन बेहतरीन तेज गेंदबाज और अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी में उनके पास शीर्ष छह खिलाड़ी मजबूत हैं। विकेटकीपर एक ऑलराउंडर है; उनके पास दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर भी हैं। भारत भी एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यूसुफ का मानना है कि पाकिस्तान को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा है, जो एक महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास भी एक संतुलित टीम है। पाकिस्तान को बढ़त इसलिए है क्योंकि वे घरेलू परिस्थितियों में खेल रहे हैं। लेकिन उन्हें टूर्नामेंट में सोच-समझकर क्रिकेट खेलना होगा। पाकिस्तान की हालिया प्रदर्शन पर चर्चा करते हुए यूसुफ ने टीम को कुछ अहम सलाह दी।

## अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता आज से

**राजनांदगांव (छत्तीसगढ़),** 17 फरवरी (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया और छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका वर्ग की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सबजूनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 फरवरी तक किया जायेगा। जूनियर और सब जूनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं संस्कारधानी के अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होगी। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में आठ जिलो की टीमें तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में नौ जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025

CHAMPIONS TROPHY 2025 · PAKISTAN

**ग्रुप ए**
- बांग्लादेश
- भारत
- न्यूजीलैंड
- पाकिस्तान

**ग्रुप बी**
- अफगानिस्तान
- ऑस्ट्रेलिया
- इंग्लैंड
- दक्षिण अफ्रीका

### कार्यक्रम

| तिथि | ग्रुप | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|
| 19 फरवरी | ए | पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड | कराची |
| 20 फरवरी | ए | भारत बनाम बांग्लादेश | दुबई |
| 21 फरवरी | बी | अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका | कराची |
| 22 फरवरी | बी | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | लाहौर |
| 23 फरवरी | ए | भारत बनाम पाकिस्तान | दुबई |
| 24 फरवरी | ए | बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड | रावलपिंडी |
| 25 फरवरी | बी | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | रावलपिंडी |
| 26 फरवरी | बी | अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड | लाहौर |
| 27 फरवरी | ए | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | रावलपिंडी |
| 28 फरवरी | बी | अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया | लाहौर |
| 1 मार्च | बी | दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड | कराची |
| 2 मार्च | ए | भारत बनाम न्यूजीलैंड | दुबई |

4 मार्च पहला सेमीफाइनल (ए1 बनाम बी2) – दुबई | 5 मार्च दूसरा सेमीफाइनल (बी1 बनाम ए2) – लाहौर

9 मार्च | फाइनल | घोषणा नहीं

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगे



### पिछले विजेता

| | मेजबान | विजेता | रनर-अप |
|---|---|---|---|
| 2017 | इंग्लैंड और वेल्स | पाकिस्तान | भारत |
| 2013 | इंग्लैंड और वेल्स | भारत | इंग्लैंड |
| 2009 | दक्षिण अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड |
| 2006 | भारत | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2004 | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड |
| 2002 | श्रीलंका | भारत और श्रीलंका (संयुक्त) | -- |
| 2000 | केन्या | न्यूजीलैंड | भारत |
| 1998 | बांग्लादेश | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज |

KBK SportsGraphics

## सार-समाचार

### डीजे संचालकों पर नहीं नियमों का असर



**सांची, देशबन्धु।** इन दिनों नगर भर मे शादियों की भरमार है। दिन हो या रात शादी विवाह में शामिल होने पहुंचे लोग डीजे की धुन पर डांस करते नजर आ रहे है। इतना ही नहीं इस नगर की प्रसिद्धिता को देखते हुए विदिशा भोपाल सहित अन्य स्थानों के लोग भी यहां आकर शादी विवाह का जश्न मना रहे हैं। डीजे की तेज ध्वनि कभी कभी यहां की बिजली व्यवस्था को भी चरमरा कर रख देती है। डीजे की ध्वनि से सीधा असर हृदय पर पड़ने लगता है हालांकि डीजे बजने पर सर्वोच्च अदालत ने नियम तय कर दिये हैं तथा डीजे बजने की अवधि एवं ध्वनि नियंत्रण करने के आदेश जारी कर दिये थे परंतु प्रशासन की अनदेखी के चलते डीजे संचालकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर के अनेक वार्डों में नगर पालिका के तत्वाधान में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे है। इस कड़ी में सोमवार की शाम को शहर के वार्ड 18 और 19 के मध्य में शास्त्री कालोनी में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान करते हुए करीब सात लाख 76 हजार की लागत से बनाए जाने वाली नाली निर्माण के कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित वार्ड के पार्षद प्रदीप गौतम, नरेन्द्र राजपूत सहित अन्य ने क्षेत्रवासियों के साथ भूमि पूजन किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जलभराव की समस्याओं से भी राहत मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, कमलेश कुशवाहा, राजेश मांझी के अलावा अन्य पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### बुजुर्ग बोले-हम भी पहचान लेगे अक्षर



**सिलवानी, देशबन्धु।** अक्षर ज्ञान से बंचित महिला - पुरुषों को अक्षर ज्ञान कराने के बाद उनकी परीक्षा लेने के लिए रविवार को सिलवानी विकास खंड में उल्लास नव भारत साक्षर परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह रहा। परीक्षा में बुजुर्ग, महिला पुरुष भी काफी उत्साह के साथ शामिल हुए। कुछ केंद्रों पर महिलाएं घूंघट की ओट में परीक्षा देतीं नजर आईं। विकास खण्ड में रविवार को उल्लास नव भारत साक्षर परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए क्षेत्र में शासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें में 313 सेन्टर पर 3210 महिला एवं 3631 पुरुष के साथ टो टल 6 हजार 841 परीक्षार्थियों को शामिल हुए । परीक्षार्थियों की सुविधानुसार परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक निर्धारित किया गया था।

---

**जिले के 3 वन रेंज में शुरू हुई गणना**

# पेड़-चट्टानों पर बैठे मिले गिद्ध, साल भर में संख्या हो गई दोगुना



**रायसेन, देशबन्धु।** राष्ट्रव्यापी गिद्ध गणना के तहत सोमवार को जिले के तीन वन रेंज में भी गिद्धों की गणना शुरू की गई। पहले दिन की गणना में रायसेन और सिलवानी चन परिक्षेत्र में 276 गिद्ध पाए गए। जो बीते साल हुई गणना में मिले गिद्धों की संख्या 334 की तुलना में दो गुना से अधिक है। पहले ही दिन गिद्धों की इतनी बड़ी संख्या में वन विभाग खासा उत्साहित है। हालांकि इसमें औबेदुल्लागंज वन परिक्षेत्र के आंकड़े शामिल नहीं हैं, जहां बीते साल 748 गिद्ध पाए गए थे।

वन विभाग के एसडीओ सुधीर पटले से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पूर्व तथा पश्चिम वन क्षेत्र रायसेन तथा पश्चिम वन क्षेत्र सिलवानी में गिद्धों की गणना की जा रही है। इन तीन रेंजों में ही बीते साल से ज्यादा गिद्ध मिले हैं। सोमवार वार को सुबह सात बजे से गिद्धों गणना शुरू की गई। जिसमें कहीं पेड़, तो कहीं चट्टानों पर झुंड के रूप में बैठे हुए गिद्ध पाए गए। जिनकी दूर से दूरबीन की मदद से गणना की गई। सिलवानी पश्चिम के घने वन क्षेत्र में पेड़ों पर झुंड के रूप में गिद्ध दिखाई दिए, वहीं चट्टानों पर दो-चार के ग्रुप में दिखाई दिए। पूर्व रायसेन में 103 तथा पश्चिम रायसेन 513 गिद्ध दिखाई दिए दिए। जबकि सिलवानी पश्चिम में 110 गिद्ध मिले।

**इससे ज्यादा मिले तो बढ़ेगी संख्या:** एसडीओ पटले ने बताया कि तीन दिन गिद्धों की गणना के बाद आंकड़े संकलित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उनहोंने बताया कि पहले ही दिन 726 गिद्ध मिले हैं, अगले दो दिन में इससे ज्यादा गिद्ध मिले तो वही अंतिम संख्या होगी, यदि इससे कम गिद्ध मिले तो हले दिन की संख्या ही मान्य होगी। लांग रिप्ड, इजिप्शिन गिद्ध भी मिले: जिले में लां रिप्ड, सफेद पीठ, काली पीठ के साथ इजिप्शियन गिद्ध भी पाए गए हैं। भारतीय देशी गिद्ध भी बहुतायत में मिले हैं। चमर प्रजाति के साथ जिरिसियन वल्चर यानि सफेद गिद्ध भी पाया गया है।

## शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज, अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा



**रायसेन, देशबन्धु।** नगर स्थित दशहरा मैदान में 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग अंतर्गत शहरी सर्वेक्षण कार्यक्रम नक्शा पायलट परियोजना का शुभारंभ तथा वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सोमवार को भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दशहरा मैदान पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों की निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम हेतु की गई तैयारियों तथा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।


## मंडीदीप में जिला स्तरीय युवा संगम मेले में स्वरोजगार के लिए मिली ऋण राशि



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के मण्डीदीप स्थित के ग्रेफाइट हायर सेकंड्री स्कूल में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में युवा संगम रोजगार दिवस, अप्रेंटरशिप मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विधायक सुरेन्द्र पटवा द्वारा शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 1626 प्रकरणों में 839.80 लाख रू की ऋण राशि हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापना हेतु वितरित की गई।

अप्रेंटरशिप मेले में भोपाल एवं औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप की विभिन्न कम्पनियों में नाहर स्पीनिंग मिल्स, एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स, आइशर ट्रेक्टर्स, अनंत स्पीनिंग मिल्स, हॉकआई सिक्योरिटी, इन्सुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स कंपनी, आई डब्ल्यू आई स्टेशनरी, मैक्सन हैल्थकेयर लि0, ल्यूपिन लि. नवभारत फर्टीलाइजर्स, सेंट आर सेटी, वाल्वो आयसर बगरोदा, टेस्ला ट्रांसफार्मर्स एवं जाब मंत्र इत्यादि द्वारा अपने स्टाल लगाकर मेले में उपस्थित हुये बेरोजगार युवक/युवतियों का पंजीयन किया गया। युवाओं के इन्टरव्यू आयोजित कर चयनित आवेदकों को रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। कार्यक्रम में चंद्रशेखर श्रीवास्तव एसडीएम गौहरगंज, मीणा सीईओ जनपद पंचायत ओबेदुल्लागंज, एच एस सोनी अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रशांत जैन मुख्य नगरपालिका अधिकारी मण्डीदीप सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अनिल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, रवि होंगे कार्यवाहक अध्यक्ष



**रायसेन, देशबन्धु।** सोमवार को नगर श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। सभी 14 पूर्व अध्यक्षों ने अनिल चौरसिया को अध्यक्ष चुना, जबकि रवि खत्री को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन जमा किए गए थे, जिनमें से एक वृंदावन विश्वकर्मा ने रविवार को नाम वापस ले लिया था, बाकी दो नामांकन रवि खत्री और अनिल चौरसिया के बीच मुकाबला होना था। सोमवार को पूर्व अध्यक्षों ने दोनों उम्मीदवारों के साथ बैठक कर अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनाई और परंपरानुसार अध्यक्ष का चयन किया। अध्यक्ष और कार्यवाहक अध्यक्ष का सभी उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनाकर और आतिशबाजी कर स्वागत किया। श्री हिंदू उत्सव समिति के नए अध्यक्ष अनिल चौरसिया जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। समिति का कार्यकाल एक साल रहेगा।


उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी सनातन समाज को साथ लेकर विभिन्न आयोजनों को समारोहपूर्वक संपन्न कराने की रहेगी। आगामी होली पर्व मनाने के लिए जल्द ही बैठक का आयोजन करेंगे। होली का पर्व परंपरानुसार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर जमना सेन, राजेंद्र राठोर, अशोक सोनी, मनोज अग्रवाल, शिवराज सिंह कुशवाह, कृष्ण मोहन चतुर्वेदी, शिवम उपाध्याय, राहुल परमार सहित चुनाव संचालन समिति के संदीप दुबे, तिलक शाक्या, राजकिशोर सोनी, बंटी चक्रवर्ती, शैलेंद्र सक्सेना आदि मौजूद थे।

## मुख्य चौराहों पर लगता जाम, सड़क पार करना होता मुश्किल

▸ यातायात पुलिस की नहीं है व्यवस्था








**सांची, देशबन्धु।** इस नगर में व्यस्तम क्षेत्र होने से वाहनों की लंबी कतार से लोगों को सड़क पार करने मशक्कत करनी पड़ती है। इन चौराहों को लगातार पुलिस की दरकार बनी हुई है। नगर में देश विदेश के पर्यटकों की संख्या भी खासी रहती हैं इस नगर में व्यसतम क्षेत्र की श्रेणी में मुख्य शिवमंदिर चौराहा है। इस चौराहे से विश्व ऐतिहासिक स्मारक पहुंच मार्ग भी है तथा इस चौराहे से ही रेलवे स्टेशन पहुंचा जाता है। इसके साथ ही इस चौराहे से गुजर कर बसस्टैंड परिसर पहुंचा जाता है। इसी चौराहे से राष्ट्रीय राजमार्ग विदिशा भोपाल मार्ग जुडा हुआ है। इस चौराहे को पार करने काफी समय वाहनों की लंबी कतार रुकने का इंतजार करना पड़ता है। इस चौराहे से ही चारों ओर के वाहन गुजरते हैं परंतु इस चौराहे पर पुलिस व्यवस्था नाकाफी रहती हैं जिससे तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों से अनहोनी का खतरा मंडराता रहता है। इसके साथ ही गुलगांव चौराहा जिससे नगर के भीतरी क्षेत्र में पहुंचा जाता है तथा यह मार्ग विदिशा भोपाल मार्ग से जुड़ता है। इस चौराहे से होकर लगभग तीस गांव के लोगों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। इसके साथ ही इस चौराहे से होकर किसान अपने खेतों पर कृषि कार्य हेतू गुजरते हैं। इस चौराहे पर पहले भी अनेक दुर्घटना घटित हो चुकी हैं। यह भी पुलिस विहीन होने से सड़क पार करना खतरे से खाली नहीं रहता। यही हाल सड़क किनारे स्थित स्कूलों के छात्रों को सड़क आरपार करने की समस्या से जूझना पड़ता है तब लोगों की जान जोखिम में रहती हैं इसके साथ ही विदिशा की ओर स्थित शराब दुकान के सामने मेला सा लगा रहता है तथा शराब दुकान के आसपास कहीं कोई वाहनों की पार्किंग व्यवस्था न होने से वाहन चालक सड़कों पर ही वाहन खड़े कर देते है। जिससे यहां से गुजरने वाले अथवा सड़क पार करने वाले लोग परेशानी उठाने मजबूर होते है इसके साथ ही हेडगेवार कालोनी से आने जाने वाले लोगों को भी सड़क पार करने मुश्किलें उठाने पर मजबूर होना पडता है। परन्तु इन समस्याओं से पुलिस प्रशासन पूरी तरह बेखबर बना रहता है। ऐसे में व्यस्ततम चौराहों पर पुलिस व्यवस्था की लंबे समय से दरकार बनी हुई है। इस विख्यात स्थल पर कहीं कोई यातायात पुलिस की व्यवस्था न होने से वाहनों की धमाचौकड़ी यातायात नियमों का खुले आम धज्जियां उड़ाते दिखाई देते है।

## कुबेरेश्वर धाम में 25 से शिव महापुराण कथा, वाहनों के लिए मार्ग रहेगा परिवर्तित



**सीहोर, देशबन्धु।** कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात सुगम बनाए रखने के लिए मार्गों का डायवर्सन किया गया है। शिव महापुराण कथा 03 मार्च तक चलेगी। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे। शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से सड़क मार्ग द्वारा आवागमन होगा। इस दौरान यातायात सुगम बनाए रखने के लिए भोपाल से इंदौर और इंदौर से भोपाल आने जाने वाले वाहनो के मार्ग में 24 फरवरी को प्रात- 06 बजे से परिवर्तन किया गया है।

**भारी वाहनों के लिए मार्ग:** भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहन भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुये इंदौर (तूमडा दोराहा जोड़ होते हुये) जा सकेंगें। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहन देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुये भोपाल जा सकेंगे ।

**हल्के वाहनों एवं यात्री बसों के लिए मार्ग:** भोपाल से सीधे आष्टा, देवास इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन एवं यात्री बस सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं अमलाहा होते हुए इंदौर को ओर जायेगें। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल सीहोर आने वाले वाहन अमलाहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं क्रिसेंट चौराहा होते हुए सीहोर, भोपाल जा सकेंगे। केवल कुबेरेश्वर धाम जाने वाले वाहन ही सीधे हाईवे से जा सकेंगे। अन्य सभी वाहनों को डायवर्सन मार्ग से ही संचालित किया जाएगा।

## स्कूल मान्यता नवीनीकरण के लिए बीआरसी ने मांगी रिश्वत

▸ लोकायुक्त ने प्यून के हाथों रूपए लेते पकड़ा







**झाबुआ, देशबन्धु।** इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने झाबुआ जिले के थांदला में खंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) को प्यून के हाथों रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। दरअसल, बीआरसी ने स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के नाम पर स्कूल संचालक से 18 हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी। जिसमें 11 हजार रूपए बीआरसी ने प्यून के हाथों रिश्वत ली। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस के ट्रेपदल ने बीआरसी और प्यून को रंगे हाथों धरदबोचा।

लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के अनुसार ज्ञान गंगा एकेडमी थांदला के संचालक रूसमल पिता मांगिया भूरिया से थांदला बीआरसी संजय सिकरवार, निवासी झाबुआ और भृत्य श्यामलाल पाल निवासी मछलाईमाता, थांदला ने आवेदक रूसमल से स्कूल की मान्यता नवीनीकरण की एवज़ में कुल 18 हजार रूपए मांगे थे। आपको बता दे कि आवेदक की स्कूल की मान्यता 2024 में समाप्त हो गई थी। लोकायुक्त ने शिकायत की पुष्टि के बाद सोमवार को ट्रेपदल का गठन किया। जिसने दोनों आरोपियों को 11 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 व 61(2) बीएनएस 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में लोकायुक्त निरीक्षण राहुल गजभिये, कार्यवाहक निरीक्षक प्रतिभा तोमर, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह बघेल, आरक्षक मनीष माथुर व कृष्णा शामिल रहे।

**पौधे लगाने के बाद पानी की कमी आई तो स्वयं के खर्चे पर व्यवस्था कर स्कूल परिसर को हराभरा कर दिया**

## शिक्षक की लगन से बदल गई आदिवासी अंचल के स्कूल की तस्वीर





**सिलवानी, देशबन्धु।** आदिवासी अंचल के गांव वीकलपुर में शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में संसाधनों के अभाव के बीच बदहाल स्थिति थी लेकिन कुछ सालों में यहां पदस्थ शिक्षक ने लगन व समर्पण से इस स्कूल भवन की रंगत ही बदल दी। सिर्फ स्कूल भवन ही नहीं स्कूल में पढ़ाई के स्तर को भी अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन के साथ ऊंचा उठाने का काम किया। अब स्कूल भवन में हरियाली के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिख रहा है। वर्ष 2009 से शिक्षक सुनील पांडे ने यहां पदस्थ होने के बाद इस पर काम किया। कई सालों के बाद अब स्कूल की कायाकल्प हो गया।

वीकलपुर स्कूल में प्रारंभिक दौर में पढ़ाई की स्थिति औसत थी, लेकिन अब विद्यालय में नियमित पढ़ाई के साथ को भी अतिरिक्त कक्षाएं शुरू कीं ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी करवाई जा सके। उनके समर्पण और शिक्षण पद्धति का असर यह हुआ कि गांव के छात्र-छात्राएं राज्य एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल कर रहे है। शिक्षा पांडे एवं सहयोगी शिक्षकों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम किया और विद्यालय परिसर में जहां कभी एक नीम का पेड़ दिखता था वहां अब हर और हरियाली है। पेड़-पौधे लगाने के बाद पानी की कमी को देखते हुए उन्होंने स्वयं पानी की व्यवस्था कर पौधों को पानी देने का काम किया। अब पूरा स्कूल परिसर हरियाली से पटा दिख रहा है।

24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, बोले-

# पुलिस खेलों में भी अर्जित कर रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां

### वॉटर स्पोर्ट्स में होंगी कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग की प्रतियोगिताएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स का अर्धकुंभ आरंभ हो रहा है। पुलिस, नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। पुलिस बल के अनेक जवानों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है। राजा भोज द्वारा निर्मित भोपाल के ऐतिहासिक बड़े तालाब में अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन, प्रदेश सहित राजधानी भोपाल के लिए गौरव का विषय है। इस आयोजन से वॉटर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।






मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बड़े तालाब स्थित आयोजन स्थल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में आगमन पर पुलिस बैंड द्वारा अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल आई विभिन्न राज्यों और पुलिस इकाइयों के टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगे गुब्बारों के प्रदर्शन और उन्हें मुक्त आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सम्मुख प्रतियोगी टीमों द्वारा मार्च-पास्ट तथा रो-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहभागी टीमों को शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा अखिल भारतीय आयोजन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा लगातार देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं। अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 से 21 फरवरी तक चलने वाली वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में कयाकिंग, केनोइंग और रोइंग के महिला-पुरूष वर्ग की कुल 27 प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से 360 मेडल्स और ट्रॉफियों का निर्णय होगा। प्रतियोगिता में देश के राज्य पुलिस बलों और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की 22 टीमों के 557 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 123 महिलाएं हैं। इससे पहले पाँच बार मध्यप्रदेश पुलिस ने अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया, यह छठवीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि खेलों का वैश्विक स्तर पर लंबा इतिहास रहा है। भोपाल का नाम देश में वॉटर स्पोर्ट्स राजधानी के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा इसके लिए आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### इन राज्यों की टीमें ले रही भाग

अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के अलावा अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडीशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ, आइटीबीपी और सशस्त्र सीमा बल की टीमें भाग ले रही हैं।

हेमंत कटारे पर मामला दर्ज करने पर जयराम ने किया ट्वीट

# मंत्री-अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे और उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर ईओडब्ल्यू द्वारा प्रकरण दर्ज करने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हैरानी जताई है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि अजब-गजब है मध्यप्रदेश भाजपा सरकार, नर्सिंग घोटाले और परिवहन घोटाले का खुलासा करने वाले उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे पर फर्जी मुकदमा दर्ज, लेकिन घोटाले में शामिल एक आरक्षक जिसकी सौ करोड़ से अधिक संपत्ति मिली, इस प्रकरण में भाजपा के मंत्री एवं किसी भी अधिकारी पर कोई कार्रवाई प्रकरण नहीं, कोई कार्रवाई नहीं।

उन्होंने लिखा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता झुकेगा नहीं, लड़ेगा। पूरा कांग्रेस परिवार इस अत्याचार के खिलाफ आपके साथ है। मध्यप्रदेश के लोगों को भी इस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

### कटारे ने बोले- धन्यवाद


### पूरी ताकत से भाजपा का भ्रष्टाचार करते रहेंगे उजागर



जयराम रमेश के ट्वीट पर हेमंत कटारे ने लिखा सत्य और न्याय की इस लड़ाई में साथ खड़े होने के लिए, धन्यवाद। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि अन्याय कितना भी प्रबल हो, अंततः सत्य की ही जीत होती है। संघर्ष जारी रहेगा, और इसी तरह पूरी ताकत के साथ भाजपा के भ्रष्टाचार और अन्य काले कारनामों को उजागर करते रहेंगे।

चंबल में छोड़े गए 10 घड़ियाल, मुख्यमंत्री ने कहा-

# राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य देश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर



- वन्य जीव पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है मध्यप्रदेश
- चंबल नदी में डॉल्फिन के भी पुनर्वास की प्रबल संभावना

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन्य जीव पर्यटन का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुरैना क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने भविष्य में माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हम मध्यप्रदेश के वनों में सभी प्रकार के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सक्षम हैं और इस दिशा में हमारे प्रयास जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना स्थित देवरी घड़ियाल केंद्र से चंबल नदी में 10 घड़ियालों (9 मादा और 1 नर) को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के बाद मीडिया से चर्चा में यह जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर उनके साथ बोट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चम्बल अभ्यारण्य हमारे देश की प्राकृतिक संपदा है। यहां दुर्लभ प्रकार की प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। बदलते हुये जलवायु के दुष्परिणामों के कारण इन प्रजातियों को नुकसान पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश हमेशा से जैव विविधता के लिये महत्वपूर्ण प्रजातियों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिये तत्पर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले में स्थित राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य का भ्रमण किया तथा अभयारण्य की व्यवस्थाओं एवं यहां पर्यटकों के लिए उपलबध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घड़ियालों को नजदीक से देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चंबल सफारी का भ्रमण किया गया एवं घड़ियाल संरक्षण के बारे में वन विभाग से जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में वन पर्यटन की अनंत संभावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र सहित संपूर्ण प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा मिले, इसके लिए सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है। चंबल अभयारण्य में सिर्फ घड़ियाल ही नहीं, डॉल्फिन के भी पुनर्वास की प्रबल संभावना है। वन्य जीव पर्यटन के शौकीन पर्यटकों के लिए यहां चंबल बोट सफारी की व्यवस्था की गई है, जो अब काफी प्रसिद्ध हो गई है। वन विभाग के माध्यम से इस दिशा में भी काम जारी है।

### विश्व में सबसे ज्यादा घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं

भारत ही नहीं, पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। दुनियाभर में करीब 3000 घड़ियाल हैं। इनमें से 85 प्रतिशत सिर्फ चंबल नदी में हैं। मध्यप्रदेश में वर्ष-1978 में चंबल नदी के इस प्रक्षेत्र को वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य मुरैना में सन् 1981 से घड़ियाल ग्रो एण्ड रिलीज प्रोग्राम शुरु किया गया था। तब चंबल नदी में घड़ियाल की संख्या 100 से कम थी। उक्त प्रोग्राम से घड़ियाल पुनर्वास केंद्र देवरी पर प्रति वर्ष चंबल नदी से दो सौ अंडे लाकर देवरी केंद्र में घड़ियाल के शावकों को पालकर 120 सेंटीमीटर का होने पर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाता हैं। मुरैना वन विभाग के अनुसार चंबल अभयारण्य में प्रति वर्ष जलीय जीवों का सर्वेक्षण माह फरवरी में किया जाता हैं। वर्ष 2024 की गणना में चंबल अभयारण्य में कुल 2456 घड़ियाल पाये गये थे। घड़ियाल पुनर्वास केंद्र पर 2024 बैच के 70,2023 बैच के 95, 2022 बैच के 85, 2021 बैच के 38 इस तरह कुल 288 घड़ियाल थे। इस वर्ष 108 घड़ियाल चंबल में छोड़ने की अनुमति वन विभाग को प्राप्त हुई है। जिनमें से 13 जनवरी 2025 को 4 नर, 21 मादा कुल 25, 19 जनवरी 2025 को 2 नर, 30 मादा कुल 32, 29 जनवरी 2025 को 10 नर, 11 मादा कुल 21, 6 फरवरी 2025 को 12 नर, 8 मादा कुल 20, इस वर्ष अभी तक 98 घड़ियाल रिलीज किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने मुरैना में भारत रत्न स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

# अटल जी की सरलता, विनम्रता और जीवन मूल्य हमें जीना सिखाते हैं : डॉ. यादव



**मुरैना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मुरैना में नया इतिहास लिखा गया है। स्व. वाजपेयी राजनीति के मर्मज्ञ थे। वे सदैव सच्चाई के लिए जिए। वे पूरे भारत को अपना परिवार मानने वाले विराट हृदय व्यक्तित्व थे। उनकी सहजता, सरलता, विन्रमता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं।

डॉ. यादव आज मुरैना में अटल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह को नहीं देखा, पर अटल जी को करीब से देखा है। देश को लोकतंत्र का एक नायक अटल जी के रूप में मिला। कोई नेता पक्ष में हो या विपक्ष में, एक जैसी भाषा बोले, ये हमने अटल जी के व्यक्तित्व में ही देखा है। डॉ.यादव ने स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर मुरैना नगर निगम की सीमा क्षेत्र से लगी 13 ग्राम पंचायतों के सभी गांवों में जरूरी विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ और मुरैना शहर में इलेक्ट्रिसिटी पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 10 करोड़ विकास राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुरैना में बोट क्लब के साथ जहां जरूरी हैं, वहां सड़कें भी बनाई जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि हर दल के नेताओं को अटल जी के विचारों को समझना और पढ़ना चाहिए। जो अटल जी से प्रेरणा लेगा, वो जीवन पथ में बहुत आगे जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को विकास की दिशा में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। राजस्व मंत्री और मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि स्व. वाजपेयी स्वप्नदृष्टा थे। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने कहा कि स्व. वाजपेयी ने देश को आगे बढ़ाने के लिए कई बड़े कार्य किए। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, विवेक सहित मुरैना जिले के विधायक, जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- समिट के लिए सरकार को पूरा समर्थन, लेकिन

# धरातल पर भी दिखना चाहिए निवेश



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में देश विदेश के निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के उद्देश्य से यहां 24 और 25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि वे इस समिट का समर्थन करते हैं, लेकिन निवेश वास्तव में धरातल पर भी दिखना चाहिए। उन्होंने आज जारी एक बयान में कहा कि वे प्रदेश में हो रही 'समिट' का समर्थन करते हैं, क्योंकि निवेश से ही प्रदेश का आर्थिक विकास संभव है। किसी भी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार देना और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना होना चाहिए। इस दृष्टि से निवेश आकर्षित करना एक महत्वपूर्ण पहल है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से विकास और जनहित की योजनाओं का समर्थन करती रही है। लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि सिर्फ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने से विकास नहीं होगा, जब तक कि उन पर धरातल पर प्रभावी अमल नहीं किया जाता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 'इन्वेस्टर समिट' में जो वादे किए गए थे, वे आज तक अधूरे हैं। कई उद्योगों की घोषणाएं की गईं, लेकिन ज़्यादातर या तो शुरू ही नहीं हो पाईं या फिर अधर में लटकी रहीं।

पटवारी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि यह समिट सिर्फ एक औपचारिक आयोजन न बनकर प्रदेश के विकास में वास्तविक योगदान दें। सरकार को चाहिए कि वह पिछली विफलताओं की समीक्षा करें और सुनिश्चित करे कि इस बार निवेश के नाम पर किए गए समझौते वास्तव में जमीन पर उतरें। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता के हित में हम सरकार के हर सकारात्मक प्रयास का समर्थन करेंगे, बशर्ते कि वह धरातल पर दिखे और सिर्फ कागजों तक सीमित न रह जाए।

# परिवहन मामला : सौरभ शर्मा और साथियों की रिमांड 14 दिन बढ़ाई



**भोपाल, देशबन्धु।** परिवहन विभाग का पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथियों की रिमांड अवधि 14 दिन बढ़ा दी गई है। सोमवार को पेश किए गए सौरभ को साथियों के साथ पीएमएलए न्यायालय में पेश किया गया। जहां मामले की सुनवाई के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया है। खास बात यह है कि इस बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी उनकी रिमांड की मांग नहीं की थी।

प्रवर्तन निदेशालय ने परिवहन पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया। बताया जा रहा है कि ईडी पूछताछ से संतुष्ट है और 7 दिनों की रिमांड में ईडी की पूछताछ में अनेक खुलासे किए गए है। जिसके बाद रिमांड खत्म होने के बाद आरोपियों को सोमवार को विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद तीनों आरोपियों को 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड खत्म होने के बाद वापस जेल भेज दिया गया है। न्यायिक हिरासत में जेल भेजने से पहले जज सचिन कुमार घोष ने कोर्ट में वकीलों के संवाद के तरीके पर नाराजगी जताई। न्यायाधीश घोष ने आरोपियों को घेरकर बिना परमिशन बात करने पर कहा कि मिलन समारोह चल रहा है क्या? इसके बाद वहां मौजूद आरोपियों के परिजनों को हटाया गया और वकीलों ने परमिशन लेकर ही अपने पक्षकारों से बातचीत की। जेल भेजने के फैसले के पहले सुनवाई खत्म होने पर कटघरे में खड़े शरद की सबसे अधिक देर तक बात वकील से हुई। वह काफी देर तक वकील और सहयोगियों से बात करता रहा। चेतन का वकील भी बीच-बीच में एक ओर खड़े चेतन को बुलाकर उससे बात करता रहा।

सौरभ शर्मा इस दौरान एक ओर चुपचाप खड़ा रहा। एक बार उसकी मां उसके पास पहुंची और कान में धीरे से कुछ कहा तो ईडी के अफसरों ने आपत्ति की और उन्हें बाहर जाने के लिए कहा। अब डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू (डीआरआई) इनोवा कार में मिले गोल्ड के मामले में सौरभ और चेतन को गिरफ्तार कर सकती है। सूत्रों के अनुसार डीआरआई को ईडी की तरह आरोपियों की गिरफ्तारी के अधिकार हैं। इस मामले में आरोपियों की पैरवी कर रहे वकील हरीश मेहता ने कहा कि अभी तक जो भी जांच उस कार्रवाई को ऑर्डर शीट में न्यायालय से लेने का आग्रह किया गया है। न्यायालय ने इस पर विचार करने की बात कही है। मेहता ने कहा कि सौरभ ने पहले भी कहा था कि पैसे और संपत्तियों से उसका कोई सरोकार नहीं है।

## एक ही परिवार के चार लोग मृत मिले

**मैसूरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मैसूरु शहर के विश्वेश्वरैया नगर इलाके में एक अपार्टमेंट में सोमवार को एक ही परिवार के चार लोग संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान चेतन (45), उनकी पत्नी रूपाली (43), उनके बेटे कुशल (15) और चेतन की मां प्रियंवदा (62) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि चेतन ने पहले तीनों को जहर दिया और फिर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

संघर्ष विराम समझौते के बावजूद एलओसी पर तनाव में वृद्धि

# कश्मीर में स्नाइपर हमलों का खतरा बढ़ा

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** आने वाले दिनों में कश्मीर में फैले आतंकवाद में महत्वपूर्ण मोड़ आ सकता है क्योंकि घुसपैठ करने वाले आतंकियों को स्नाइपर राइफलें मुहैया करवाए जाने के साथ ही इसका प्रशिक्षण देकर इस ओर भिजवाया जा रहा है। पिछले कुछ अरसे में दो स्नाइपर मारे भी जा चुके हैं और कई राइफलें बरामद भी की जा चुकी हैं। एलओसी पर घुसपैठियों से भी ऐसी राइफलें मिल चुकी हैं जबकि एलओसी पर आतंकी तथा पाक सैनिक स्नाइपर राइफलों का खुलकर इस्तेमाल कर भारतीय सैनिकों की नींद हराम किए हुए हैं।

जानकारी के लिए जम्मू कश्मीर में पिछले सात दिनों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से स्नाइपर फायरिंग में कम से कम तीन भारतीय सैनिक घायल हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव बढ़ गया है। याद रहे 10 फरवरी को राजौरी जिले के नौशहरा सेक्टर में स्नाइपर हमले में पूरन सिंह नामक एक सैनिक घायल हो गया था। चार दिन बाद, 14 फरवरी को जम्मू के अखनूर सेक्टर में स्नाइपर की गोली लगने से एक और सैनिक घायल हो गया।

सबसे ताजा घटना 16 फरवरी को पुंछ सेक्टर में हुई, जहां स्नाइपर फायरिंग में एक सैनिक घायल हो गया, जिसके बाद एलओसी पर भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच गोलीबारी हुई। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते के बावजूद एलओसी पर तनाव में छिटपुट वृद्धि देखी गई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर पर पाकिस्तानी सैनिकों के साथ आतंकी भी भारतीय जवानों को स्नाइपर से निशाना बना रहे हैं। आतंकियों को पाकिस्तानी फौज के कैंपों में स्नाइपर चलाने की ट्रेनिंग तक दी जा रही है। हालांकि आतंकियों को स्नाइपर मुहैया कराने के लिए फंड पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई दे रही है।

### आतंकियों को स्नाइपर की ट्रेनिंग दी जा रही

जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी सेना के कैंपों में लश्करे तौयबा के आतंकियों को स्नाइपर की ट्रेनिंग दी जा रही है। आतंकियों के पास यूएसए और आस्ट्रिया निर्मित स्नाइपर हैं। पुंछ, राजोरी, कुपवाड़ा, बारामुल्ला की एलओसी, जम्मू, सांबा और कठुआ के बार्डर पर आतंकी घुसपैठ नहीं कर पा रहे। खासकर जम्मू संभाग में आतंकियों की घुसपैठ बहुत कम हुई है। इसे देखते हुए आतंकी पाकिस्तान की फारवर्ड पोस्टों तक पहुंचे हैं। वह पाकिस्तानी सैनिकों के साथ मिलकर भारतीय जवानों को टारगेट कर रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : कराची नेशनल स्टेडियम में नहीं लगा भारत का झंडा

**कराची, एजेंसी।** कराची के नेशनल स्टेडियम का एक वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, वीडियो में आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग लेने वाले देशों के झंडे दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारतीय ध्वज तिरंगा नहीं है। जिसके बाद से विवाद छिड़ गया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की 19 फरवरी से पाकिस्तान द्वारा मेजबानी की जानी है। वीडियो में दिखाया गया है कि स्टेडियम में कथित तौर पर भारतीय ध्वज नहीं फहराया गया। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की गई कि वह देश में चैंपियंस ट्रॉफी मैच खेलने से इनकार करने पर भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है।

सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्टेडियमों में भारतीय ध्वज फहराने से इनकार करने पर प्रशंसकों द्वारा आलोचना की जा रही है, वहीं पीसीबी ने इस विवाद पर कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान में खेलने वाले देशों के झंडे ही स्टेडियमों में फहराए गए हैं। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ रहा है, कराची के नेशनल स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में उन देशों के झंडे फहराए गए हैं, जो उक्त स्थलों पर खेलने जा रहे हैं।

जब पूछा गया कि कराची और लाहौर स्टेडियम में भारत, बांग्लादेश और अन्य भाग लेने वाले देशों के झंडे क्यों नहीं थे, तो सूत्र ने कहा, भारतीय टीम दुबई में अपने मैच खेलने जा रही है। दूसरी बात, बांग्लादेश की टीम अभी तक पाकिस्तान नहीं पहुंची है और दुबई में भारत के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसलिए, उनके झंडे नहीं फहराए गए हैं और अन्य देश, जो यहां आ चुके हैं और पाकिस्तान में खेलेंगे। उनके झंडे स्टेडियम में हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**दिल्ली में भाजपा विधायक दल....** दस दिन बीत गए हैं। गत 08 फरवरी को चुनाव के नतीजे आए जिसके बाद दिल्लीवालों को उम्मीद थी कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी और 10 फरवरी तक शपथ ग्रहण समारोह होगा और उसके तुरंत बाद दिल्लीवालों का काम शुरू होगा। लेकिन दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई लेकिन आज 10 दिन बाद भी भाजपा मुख्यमंत्री पर निर्णय नहीं ले पाई है।

**नए चुनाव आयुक्त की....** में एक एक्ट आया- मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम इसके अनुसार-प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और नेता विपक्ष की समिति मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करती है, लेकिन उसमें बहुत सारी संवैधानिक और कानूनी समस्याएं हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सामने बात रखी गई और सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 को एक फैसला दिया। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र और उसकी निष्पक्षता के लिए सीईसी और ईसी की चयन समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और नेता विपक्ष हों। लेकिन इस फैसले की आत्मा और उद्देश्य को बिना समझे, जल्दबाजी में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम लाया गया। इस नए कानून में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के ठीक विपरीत काम किया गया, जिसमें पूरी तरह से कार्यपालिका मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) का चयन कर रही है।

**भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था....** व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस सॉफ्ट पावर (इस प्रतिष्ठा की शक्ति) का फायदा उठान चाहिए। श्री कुमार ने कहा, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैं आयोग को अधिक समर्थ, प्रतिबद्ध और पेशेवर हाथों में छोड़कर विदा ले रहा हूं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।